सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
21.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 276

20 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:14 बजे
21 अप्रैल का सेहरी भोर 4:03 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

06 खाद्य संकट की आहट और बदलते मौसम की परेशानी


**राहत : श्रमिक हित में हेमंत सरकार का बड़ा फैसला**

# ठेका मजदूरों के महंगाई भत्ता में इजाफा

➲ श्रमिकों को अब सवा दो से साढ़े तीन हजार अधिक मिलेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्रमिकों के प्रति संवेदनशील हेमंत सोरेन की नेतृत्ववाली गठबंधन सरकार ने ठेका मजदूरों की मजदूरी में जुड़े महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी कर दी है। सीएम के आदेश के बाद विभिन्न कैटेगरी के मजदूरों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की बढ़ोत्तरी हो गयी है। राज्य सरकार ने ठेका मजदूर (विनियमन एवं उन्मूलन) नियमावली 1972 के नियम-25 के उपनियम (2) के खंड (वी) के उपखंड (बी) से मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों और देय मजदूरी का निर्धारण कर दिया है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा एक अप्रैल 2023 की तिथि से अधिसूचित परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें तय की गयी हैं, जो ठेका श्रमिकों को देय होंगी। इसके लिए सरकार ने आदेश निर्गत कर दिया है।



**मजदूरों की तकलीफ पर मरहम का काम करेगा यह फैसला**

इसके तहत वर्ष 2020 के अकुशल श्रमिकों को देय मजदूरी प्रतिमाह 8,571.78 रुपये थी। उसमें अप्रैल 2023 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मद में 2,220.94 रुपये का इजाफा किया गया है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 10,792.72 रुपये मिलेंगे। अर्द्धकुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में 8,977.47 रुपये देय था, लेकिन इनके महंगाई भत्ते में अप्रैल 2023 से 2,326.06 रुपये वृद्धि की की। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 11,303.53 रुपये मिलेंगे। कुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में देय मजदूरी प्रतिमाह 11,935.06 रुपये थी। ऐसे श्रमिकों को अब 3,092.37 रुपये महंगाई भत्ता देने के उपरांत 15,0270.43 रुपये देय होगा। वहीं, अति कुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में 13,675.59 रुपये मिलते थे, लेकिन परिवर्तनशील महंगाई भत्ता 3,543.34 रुपये बढ़ने से अब ऐसे श्रमिकों को 17,218.93 रुपये मजदूरी प्रतिमाह मिलेगा। सरकार का यह फैसला ठेका मजदूरों की तकलीफ पर मरहम का काम करेगा, क्योंकि बढ़ती महंगाई की वजह से मजदूरों को घर चलाना मुश्किल हो रहा था।

# सैन्य वाहन में आग से पांच जवान शहीद

➲ जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुआ बड़ा हादसा, जांच जारी

**जम्मू (एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के भीमबर गली क्षेत्र में गुरुवार को सेना के एक वाहन के रहस्यमय ढंग से आग की चपेट में आ जाने से पांच जवान शहीद हो गये। रक्षा सूत्रों ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे भारतीय सेना का वाहन भीमबर गली से पुंछ जिले के संगीयोट जा रहा था कि उसमें अचानक आग लग गयी। सूत्रों ने बताया, इस दर्दनाक हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की जान चली गयी। सेना ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक सेना के वाहन के साथ हादसा भाटाटूडियां क्षेत्र में हुआ। जानकारी मिलते ही इंडियन आर्मी के उच्च अधिकारी घटनास्थल पहुंचने लगे हैं। वहीं, मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल घटना को लेकर सेना का कोई बयान नहीं आया है। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गयी है। (शेष पेज 11 पर)




सुरेश डे
संस्थापक – "श्रीलेदर्स"
(21.04.1911 - 21.05.1990)

एक-एक कर बढ़ते कदमों के साथ चलते-चलते
सात दशक से अधिक हो गए...
स्वाधीनता की धधकती आग दिल में जलाए
सशस्त्र स्वाधीनता संग्रामी एवं 'श्रीलेदर्स' के संस्थापक
श्री सुरेश डे की जन्म जयंती पर
श्रीलेदर्स परिवार का आपको सहृदय नमन

Sreeleathers
World Class. Right Price.
SINCE 1952
An illustrious legacy of 70 years..
FRANCHISE ENQUIRIES SOLICITED franchise@sreeleathersonline.com | Sreeleathers "Since 1952" | SreeleathersSince1952 | www.sreeleathersonline.com


**न्यूज डायरी**

### सभी मस्जिदों में आज अलविदा जुमे की नमाज

**रांची।** इस साल रमजान पाक महीने में 21 अप्रैल को राजधानी के तमाम मस्जिदों में रमजान के अलविदा जुमे की नमाज निर्धारित समय पर पढ़ी जायेगी। रोजेदारों व नमाजियों की भारी तादाद को देख सभी मस्जिद आसपास की सफाई के साथ रास्ते व्यवस्थित कर लिये हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना से संक्रमित

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने से उनके कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद वायु सेना के कमांडरों के सम्मेलन में वे नहीं जा सके।

### सुप्रीम कोर्ट में आज पूजा की बेल पर में सुनवाई

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 21 अप्रैल यानी शुक्रवार को सुनवाई होगी। 11 को पूजा सिंघल ने रांची इडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था।

### अगले दो दिनों में लू से मिलेगी राहत

**रांची।** गर्मी और लू की चपेट में पूरा राज्य है। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गुरुवार को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक लू और गर्म हवा से राहत मिलेगी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

**पीएलएफआइ का मददगार था एसआइ मनोज कच्छप**

# नक्सली से सांठगांठ के आरोप में बर्खास्त

**वर्दी पर दाग**

➲ खूंटी में पदस्थापित था 2018 बैच का मनोज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नक्सली संगठन पीएलएफआइ से सांठगांठ के आरोप में झारखंड पुलिस के 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। खूंटी एसपी की रिपोर्ट के आधार पर रांची डीआइजी अनूप बिरथरे ने सब इंस्पेक्टर को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। जांच में ये बातें सामने आयी थी कि मनोज के काफी करीबी रिश्ते पीएलएफआई उग्रवादियों से हैं। (शेष पेज 11 पर)

**खूंटी एसपी अमन कुमार ने की थी जांच**

इस मामले की जांच खूंटी एसपी अमन कुमार ने की थी। जिसमें पता चला था कि मनोज के काफी करीबी रिश्ते पीएलएफआई उग्रवादियों से हैं। वह पुलिस की गतिविधियों की सूचना उग्रवादियों को देता है। खूंटी एसपी ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया था कि ऐसी परिस्थिति में मनोज का विभाग में बने रहना सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के लिए बेहद खतरनाक और घातक है। इससे नक्सल अभियान में जाने वाले पुलिसकर्मियों के जान-माल का भारी क्षति हो सकती है।

**जांच के बाद बर्खास्तगी की अनुशंसा :** पीएलएफआइ के कुख्यात उग्रवादी अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा जयसवाल के बयान के बाद यह साफ हो गया था कि मनोज उग्रवादी संगठन के लिए काम कर रहा है। इसकी जांच के बाद खूंटी एसपी अमन कुमार ने मनोज कच्छप को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की। रांची डीआइजी के द्वारा तमाम अभिलेख, आरोप, प्रदर्श अभियोजन और साक्ष्यों के आधार पर मनोज को बर्खास्त कर दिया गया।

**रिम्स में हड़ताल के दौरान 28 लोगों की गयी थी जान**

# मौत मामले में हाइकोर्ट ने दिया जांच का आदेश

➲ जांच कमेटी के अध्यक्ष होंगे रिटायर्ड प्रधान जिला जज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की मौत मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट ने जांच कमेटी गठित करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। समिति की अध्यक्षता रिटायर्ड प्रधान जिला जज करेंगे। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। मामले में रिम्स प्रबंधन ने जवाब दाखिल किया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। हाईकोर्ट ने जांच कमेटी के संबंध में सरकार को जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। प्रार्थी ने 28 मरीजों की मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ ने यह जनहित याचिका दाखिल की थी। (शेष पेज 11 पर)

### पारसनाथ इलाके में बुझायी जा रही आग

**गिरिडीह।** जिले में स्थित जैन समाज एवं आदिवासी समाज का प्रमुख धार्मिक स्थल पारसनाथ पर्वत के जंगल में इन दिनों आग लगी है। जिसपर काबू पाने में स्थानीय प्रशासन जुटा है। इसपर काबू पाने के लिए शुक्रवार से व्यापक स्तर पर कार्य शुरू होगा।

### पानी टंकी बनाने की फैक्ट्री में लगी आग

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के बेरवारी स्थित जेके पॉली पानी टंकी बनाने की फैक्ट्री में गुरुवार सुबह आग लग गयी। अचानक आग लगने से वहां अफरा-तफरी मच गयी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# इडी के समक्ष आज नहीं, दो हफ्ते बाद पेश होंगे छवि रंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन को शुक्रवार को इडी कार्यालय में हाजिर नहीं होंगे। इडी से उन्होंने दो सप्ताह का समय मांगा है। दूसरी ओर ईडी ने इस मामले में एडिशनल रजिस्ट्रार, कोलकाता त्रिदीप मिश्रा को समन भेजकर दो मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

सेना जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड जमीन मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने ई-मेल भेजकर दो हफ्ते का समय मांगा है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे उन्हें ईडी के रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए उपस्थित होना था। ईडी सूत्रों के अनुसार आइएएस अधिकारी को दो हफ्तों का वक्त नहीं दिया जायेगा। उन्हें एजेंसी दोबारा समन करेगी। हालांकि इतना तो तय है कि अब छवि रंजन शुक्रवार को ईडी के सामने नहीं जायेंगे। देखना है कि ईडी उन्हें दूसरा समन कब जारी करती है।

**13 अप्रैल को 7 लोगों को इडी ने किया था गिरफ्तार**

ईडी ने 13 अप्रैल को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनमें कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। ईडी ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल को कोर्ट के समक्ष पेश किया था, जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद ईडी सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आये तथ्यों के आधार पर ईडी आईएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी।

**क्या है मामला :** गौरतलब है कि जमीन घोटाला में ईडी ने आइएएस अधिकारी छवि रंजन समेत 18 लोगों के ठिकाने पर 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद सात आरोपियों को ईडी ने गिरफ्तार किया था। (शेष पेज 11 पर)




FLAT ₹4,000 INSTANT DISCOUNT* SBI card
*Min. Trxn.: ₹80,000. Valid once per credit card. Validity: 14 Apr - 23 Apr 2023. T&C Apply.
To locate your nearest store and know more on 6366920017. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply | **Limited Period Offer
Ranchi : •Church Complex Main Road, Ph: 9234301099, •Circular Road, Lalpur, Ph: 9234423800/06, •Harmu Road, Ph: 9905936030/31
Hazaribagh : Guru Govind Singh Road, Ph: 9102160001/02 • Ramgarh : Near SBI Main Road, Ph: 6287080001/02

स्पीड न्यूज

## रोजगार सेवक ने कवाली पंचायत की महिला मुखिया को बुरा भला कहा



**पोटका।** कवाली पंचायत के प्रभारी महिला मुखिया काजल बारीक को प्रखंड के रोजगार सेवक अश्वनी बेरा ने रात्रि में फोन कर नशे की हालत में धमकाते हुए बुरा भला कहा है। इस संबंध में पोटका पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष पानो सरदार ने बीडीओ को एक ज्ञापन देकर रोजगार सेवक पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कवाली पंचायत के मुखिया काजल बारीक को रोजगार सेवक अश्वनी कुमार बेरा 18 अप्रैल की रात्रि 8.32 बजे फोन किया। फोन पर उसने कवाली पंचायत के बारे तरह तरह का धमकी दिया। उसने फोन कट दिया। फिर उसने 8.50 बजे फोन किया। मुकिया ने फोन रिसीव नहीं की। फिर उसने 9.08 बजे फोन कर पूर्व की तरह ही बाते करने लगा। बातचीत के दौरान प्रतीत हो रहा था की वह नशे में था। बीडीओ ने मुखिया संघ के अध्यक्ष को आश्वासन दिया है की जांच कर करवाई की जाएगी।

## टाटा मोटर्स प्लांट में 22 को ईद की छुट्टी

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड का प्लांट शनिवार 22 अप्रैल को ईद उल फितर के अवसर पर बंद रहेगा। इस दिन कर्मचारियों को पेड़ छुट्टी दी जाएगी जबकि रविवार को जनरल ऑफिस समेत पूरे प्लांट में कामकाज होगा। पूरक छुट्टी 23 अप्रैल को दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही सर्कुलर जारी होगा। यह जानकारी टाटा मोटर्स जमशेदपुर के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी ने सर्कुलर जारी कर दी है।

## जमशेदपुर में भारी वाहनों की नो इंट्री का समय बदला

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय जूनियर सेक्शन के लिए दिन के 11:00 बजे तक और सीनियर सेक्शन के लिए 3:00 के 12:00 बजे तक निर्धारित की गई है ऐसी स्थिति में पूर्वी सिंहभूम यातायात विभाग ने स्कूलों की छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर जाने में परेशानी ना हो इसको देखते हुए भारी व्यवसायिक वाहनों के नगर क्षेत्र में प्रवेश एवं निकासी के समय को संशोधित किया है। संशोधित अध्यादेश के अनुसार जमशेदपुर नगर क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक हो सकेगा जबकि नगर क्षेत्र में भारी वाहनों का दिन में निकासी अपराहन 3:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक हो सकेगी। यह जानकारी यातायात डीएसपी कमल किशोर ने दी है।

## सेंट्रल पब्लिक स्कूल, आदित्यपुर में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन



आदित्यपुर। सेंट्रल पब्लिक स्कूल, आदित्यपुर में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ब्रिगेड के स्थानीय अधिकारी सिया राम झा एवं अन्य पदाधिकारियों ने आग से बचाव का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रिंसिपल मौसमी, शिक्षक व कर्मचारी, व छात्र प्रशिक्षण में शामिल हुए।

## विधायक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**चांडिल।** बुधवार को आसनबनी पंचायत के बिरीगोड़ा गांव में विधायक सविता महतो ने दो सौ केवीए के नए ट्रांसफार्मर का फिता काटकर उद्घाटन किया। विगत दिनों से गांव में ट्रांसफार्मर खराब थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विधायक सविता महतो को दिया। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाया। विधायक ने कहा इस भीषण गर्मी में गांव में ट्रांसफर खराब होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, दिलीप महतो, नित्य महतो, काबलु महतो, गुरुचरण सिंह, शिव शंकर लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एसएसपी ने लांच किया लॉस्ट मोबाइल हेल्प सर्विस ऐप




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में रहने वाले लोगों को अब मोबाइल गुम होने पर थाने में शिकायत लेकर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अब जमशेदपुर पुलिस में एक ऐप लॉन्च किया है जिसके जरिए शहरवासी अपनी मोबाइल गुम होने पर हेल्पलाइन नंबर 9006 123 444 पर फोन कर सकते हैं। इस नंबर पर फोन करते ही एप के बारे में डिटेल जानकारी मिलेगी। गुरुवार को बिस्टुपुर पुलिस सभागार में सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने नए एप्स को लांच किया।

# रमजान के दौरान एक माह तक हर दिन सामूहिक इफ्तार करवाते हैं पप्पू सरदार

### 22 साल से पूरे महीने रोजेदारों की सेवा करते आ रहे है पप्पू सरदार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अपनी दुकान में इफ्तार की तैयारी करते पप्पू सरदार।



सामूहिक इफ्तार के दौरान सेवा देता होटल का कर्मचारी।

**जमशेदपुर।** वैसे तो रमजान के पवित्र महीने में कई जगह पर सामूहिक इफ्तार के आयोजन विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किये जाते हैं। लेकिन साकची बाजार हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट में सिने अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के फैन के रुप में विख्यात पप्पू सरदार जिस अंदाज में सामूहिक इफ्तार का आयोजन करते हैं वह पूरे देश में अपने आप में अनूठा है। हर शाम पप्पू अपनी दुकानदारी को करीब एक घंटे तक पूरी तौर पर रोजेदारों को समर्पित कर देते हैं और इस दौरान केवल रोजेदारों को ही दुकान में प्रवेश करने की इजाजत मिलती है वह भी बिना कुछ चुकाये हुए उनको मुफ्त में बड़े ही सम्मान के साथ इफ्तार कराया जाता है। हर दिन लगभग 150 से अधिक रोजेदार यहां सामूहिक इफ्तार करते हैं इनमें कई का तो पूरा परिवार यहां इस नेक इंशान के आयोजन में हिस्सा बनने के लिये दूर से आता है। इफ्तार के समय पूरी दुकान का नजारा ही भिन्न हो जाता है। दुकान के अंदर क्षमता से डेढ गुणा लोग कैसे बैठ जाते हैं यह कोई केवल दुकान में आकर ही महसूस कर सकता है। दुकान के आगे और पीछे की जगह भी रोजेदारों से भरा होता है। यहां भी दर्जनों अतिरिक्त कुर्सियां एवं टेबल लगे होते हैं जिनमें रोजेदारों को बड़े आदर के साथ बिठाया जाता है। जितनी भीड़ बढती जाती है, पप्पू के चेहरे की खुशी और सकून और भी बढता जाता है। रोजेदारों के लिये प्लेट सजाते समय पप्पू के हाथ में गजब की तेजी आ जाती है और फटाफट बिना विलंब किये पप्पू पलक झपकते ही उनके लिये प्लेट सजा देते हैं। रमजान का पवित्र महीना जैसे जैसे आगे बढता जाता है, पप्पू के यहां आने वाले रोजेदारों की संख्या बढती जाती है। रोजाना शाम कई ऐसे परिवार आते है जिनमें पति पत्नी एवं बच्चे मौजूद रहते है, कई मां बेटी और कई सखियां यहां इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिये पहुंचते है। जो पहली बार आता है उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि यह हो क्या रहा है। कई युवतियां इफ्तार के बाद काउंटर पर पूछतीं, कितना हुआ तो उनको हाथ जोड़कर कहा जाता रहा कि इसके पैसे नहीं, आप आईं इसके लिये शुक्रिया। सामाजिक सौहार्द का यह बेहतरीन उदाहरण शायद ही कहीं और देखने को मिले। इफ्तार के प्लेट में खजूर, केला, चना, खीरा, टमाटर, पकौड़ी, समोसा, चाय आदि तो रोजाना रहता है, कभी-कभार शरबत, बिरयानी, उत्पम, इटली एवं डोसा का भी बेहतरीन इंतजाम सब रोजेदारों के लिए रहता हैं। सभी आइटम बिलकुल ताजे, और बिलकुल गर्म रहते हैं। रोजेदार दिल से पप्पू की सलामति की दुआ करते हुआ उनसे बिदा लेते है। खास बात यह है कि पप्पू की दुकान का हर स्टाफ इस दौरान उतने ही मनोयोग से जुटा रहता है। कोई भी खड़ा न रहे, हर किसी के हाथ में इफ्तार का प्लेट, शरबत और पानी का गिलास हो यह सुनिश्चित किया जाता है। पप्पू खुद अपने हाथों से रोजेदारों को प्लेट देने के साथ साथ चाय देने तक जुटे रहते है। आम ग्राहक यदि वहां पहुंचते हैं, तो इस अद्भुत नजारा का आनंद उठाना नहीं चूकते। उनसे हाथ जोड़कर कुछ इंतजार करने को कहा जाता है और वे खुशी खुशी वहां इफ्तार खत्म होने तक इंतजार करते रहे। मालूम हो कि पिछले 22 सालों से हर साल पूरे महिने सामूहिक इफ्तार का आयोजन इसी प्रकार होता हैं।

# गुड़ाबांधा और बोड़ाम प्रखंड में बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहेगा जिला प्रशासन का फोकस

जिला समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने गिनायी प्राथमिकताएं

विकास योजनाओं की समीक्षा कर क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समीक्षा बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारी, विभागीय पदाधिकारी के साथ साथ सभी बीडीओ, सीओ व लाइन डिपार्टमेंट के पदाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त द्वारा विभागवार योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्ष कर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 8 घंटे से ज्यादा लंबी चली इस बैठक में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही अंतर्विभागीय समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्ध होकर अपनी दायित्वों का निर्वह्न करें, आमजनों की समस्याओं का ससमय निराकरण हो, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी पर ध्यान दें। सिविल सर्जन ने बताया कि गुड़ाबांदा और बोड़ाम प्रखंड में सी.एच.सी निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। उपायुक्त द्वारा दोनों प्रखंडों के सीओ को प्राथमिकता के आधार पर 2-3 एकड़ जमीन चिन्हित कर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। इसके अलावा जनसंख्या के आधार पर अन्य प्रखंडो में भी अगर सी.एच.सी निर्माण की आवश्यकता हो तो संबंधित बीडीओ से प्रस्ताव मांगा गया। पोटका के कोवाली तथा मुसाबनी प्रखंड में भी अतिरिक्त सीएचसी के निर्माण पर चर्चा की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए चापाकल व जलमीनार मरम्मती को लेकर प्राप्त हो रही शिकायतों पर संवेदनशील होकर युद्धस्तर पर कार्य करने का निदेश दिया गया। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का हीमोग्लोबिन जांच किए जाने का निदेश दिया गया है ताकि बच्चों के कुपोषण पर निगरानी रखी जा सके। बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, डीटीओ दिनेश रंजन, एसओआर दीपू कुमार, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीएमओ संजय शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, एडीएसएस नेहा संजना खलखो समेत सभी तकनीकी विभाग के पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल जरूर पहुंचायें, 5000 रुपये पायें

सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन आवर(एक घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने वालों को पुलिस जांच के नाम पर परेशान नहीं करेगी। साथ ही गुड समारिटन को 5000 रू. भी दिया जाएगा। जिले में योजना लागू होने के बाद अभी तक मात्र एक व्यक्ति गुड समारिटन के रूप में सामने आए हैं। उपायुक्त द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई कि सड़क सुर्घटना में घायल हुए लोगों को अनदेखा नहीं करें बल्कि उन्हें मदद करें, अस्पताल पहुंचायें। प्रशासन आपके कार्यों का सम्मान करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित प्रात्साहन राशि भी देगी।

### गर्भावस्था के 9 महीनों में 2 बार अल्ट्रासाउंड जरूर करायें

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य पर निगरानी के लिए जरूरी है कि गर्भावस्था के दौरान महिलायें दो बार अल्ट्रासाउंड जरूर करायें.. ये बातें उपायुक्त ने कही। उन्होने आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रेग्नेंसी किट उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। साथ ही कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कॉलेज में कोरोना जांच शुरू करने का निदेश दिया गया।

## कोल्हान की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिले कुणाल षाडंगी

### राज्यपाल ने सचिव को समाधान का दिया आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



राज्यपाल का अभिनंदन करते पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी।

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को महामहिम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की। रांची राजभवन में हुई मुलाकात में कुणाल षाड़ंगी ने झारखंड प्रदेश सहित कोल्हान की कई समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने महामहिम राज्यपाल को कोल्हान विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषाओं को पढाने हेतु स्थायी शिक्षकों के न होने, राज्य में आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन की जर्जर स्थिति, राज्य के बाहर पढाई कर रहे जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि का नही मिलने के विषयो पर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय राज्य के अनुसूचित जाति बाहुल्य इलाकों में स्थापित है लेकिन जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए यहां एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है। घंटी आधारित शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है। जिसपर राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि जल्द ही शिक्षकों की व्यवस्था होगी और बेहतर ढंग से जनजातीय भाषाओं की पढाई के लिए कोल्हान के छात्र छात्राओं के लिए सभी सुविधाओं युक्त एक या दो आवासीय केंद्र स्थापित होंगे। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा राशि भुगतान नहीं करने के कारण प्रदेश के कई अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने से मना कर दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण केंद्र सरकार की इतनी महत्वाकांक्षी योजना झारखंड में दम तोड़ रही है। इसके साथ ही, रेड क्रॉस की जिलावार बनी ईकाईयों को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

## 24 को साकची बाजार में होगा अग्निशामक विभाग का मॉक ड्रिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव द्वारा आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होने सभी बीडीओ एवं नगर निकाय पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि 19-25 अप्रैल तक सभी निजी एवं सरकारी विद्यालय तथा सहायता प्राप्त विद्यालयों के स्कूल टाइमिंग में सरकार के स्तर से बदलाव किया गया है, आपके पोषक क्षेत्र में स्थित सभी विद्यालय उक्त आदेश का अनुपालन करेंगे, इसे सुनिश्चित करें। स्कूलों से बात करें कि बस में भी पानी करी व्यवस्था रहे तथा सभी बच्चे पानी का बोतल लेकर जरूर आएं। सिविल सर्जन को उक्त मुआवजा का अनुशंसा करने के लिए एक कमिटि गठन का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 24 अप्रैल को अग्निशामक विभाग को साक्ची बाजार में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है।

## तीन माह से ठेकेदार के मुंशी के भरोसे चल रहा पोटका का एसएफसी गोदाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**पोटका।** राज्य खाद्य निगम पोटका का गोदाम ठेकेदार के मुंशी के भरोसे चलाया जा रहा है। जिस कारण पीडीएस डिलरो को खाद्यान्न समय पर नहीं मिल पा रहा है। एस एफ सी पोटका गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक का प्रभार प्रखंड के भीएलडब्लू बीरेंद्र पंडित को दिया गया था। इन्होंने 27 जुलाई 2022 को गोदाम का प्रभार ग्रहण किया। 21 जनवरी 2023 को बीरेंद्र पंडित का स्थानांतरण बोराम प्रखंड में हो गया। तब से वह एजीएम का प्रभार देने के लिए बीडीओ को लगातार गुहार लगा रहा है। लेकिन कोई उससे प्रभार नही ले रहा है। जिस कारण वह जबरन एजीएम का काम देखने को मजबूर है। बीरेंद्र पंडित बोराम प्रखंड में कार्यरत है। स्थानांतरण के बाद तीन माह में वह कभी कभार ही पोटका गोदाम आया है। बाकी दिनों में ठेकेदार के मुंशी ही अप्रत्यक्ष रूप से गोदाम का काम चला रहे है। डोर डिलीवरी के ठेकेदार आनद कुमार सिंह है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एजीएम के प्रभार के लिए वर्तमान में पोटका में पदस्थापित भीएलडब्लू विशाल कुमार रॉय का नाम बीडीओ के द्वारा उपायुक्त कार्यालय प्रस्ताव भेजा गया है। बहरहाल मुंशी के भरोसे गोदाम चल रहा है।

## बीएनएमएच में हर सप्ताह बैठेंगे आरएन टैगोर हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट

### अस्पताल ने किया मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं का विस्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक मोहन शर्मा और डॉ. अविशेक चक्रवर्ती के साथ मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं का विस्तार किया है। ये दोनों विशेषज्ञ पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं का सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने में अत्यधिक अनुभवी और कुशल हैं। जो ओपीडी सेवाएं प्रदान करने के लिए हर सप्ताह बीएनएमएच, जमशेदपुर आएंगे। इस संबंध में बीएनएमएच के

**जमशेदपुर।** पेट एवं लीवर संबंधित समस्याएँ दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। अपनी मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं के विस्तार के साथ, ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (नारायणा हेल्थ की एक इकाई), अब पेट एवं लीवर रोग से पीड़ित रोगियों को अच्छी चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए और भी बेहतर ढंग से तैयार है। बीएनएमएच, जमशेदपुर ने आरएन टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता के प्रमुख फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हमारी अत्याधुनिक फैसिलिटी नवीनतम डायग्नोस्टिक और थेराप्यूटिक तकनीकों से लैस है। जिसमें एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी और अन्य उन्नत प्रक्रियाएं शामिल हैं, ताकि हमारे रोगियों को सटीक और प्रभावी उपचार प्रदान किया जा सके। डॉ. विवेक मोहन शर्मा ने कहा कि कई लोग पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं का घरेलू नुस्खे द्वारा इलाज करते रहते हैं, जो उनके स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकता है। डॉ. अविशेक चक्रवर्ती ने कहा कि नए युग की जांच और प्रक्रियाएं जैसे एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी, एंडोस्कोपिक वैरिसेल लिगेशन, ईएसटी, ग्लू इंजेक्शन थेरेपी और फौरन बॉडी रिमुवल आदि बीएनएमएच में किया जा सकेगा।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



आग पर काबू पाने का मॉक ड्रिल।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (यूआईएसएल) ने 20 अप्रैल, 2023 को फायर सर्विस सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन किया। अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व के बारे में शिक्षित करने और संगठन के कर्मचारी के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पुरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा सम्बंधित कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

सप्ताह भर चलने वाले अभियान में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र, निकासी अभ्यास, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, अग्नि सुरक्षा ऑडिट, और अग्नि सुरक्षा वीडियो दिखाने जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं। कर्मचारियों को आग से संबंधित आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने और स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन अग्निशमन सलाहकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जीवन और संपत्ति की रक्षा में अग्निशमन सेवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए किया गया था। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों में उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए के बारे में जानकारी दी गयी। अग्निशमन सेवाओं, एंबुलेंस आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के बीच समन्वय प्रोटोकॉल की भी जांच की गई। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक श्री रितु राज सिन्हा ने कर्मचारियों को संबोधित किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अग्निशमन सेवा सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और ऊर्जा सराहनीय थी। कुल मिलाकर, फायर सर्विस वीक टाटा स्टील यूआईएसएल के लिए अपने कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। संगठन ने सुरक्षा उपायों में निवेश करने और अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। टाटा स्टील यूआईएसएल अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की उम्मीद करता है।

## खबर एक नजर में

### बीएसीईटी के चार छात्रों का जेनिथ फोर्ज में प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के चार छात्रों का चयन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी जेनिथ फोर्ज लिमिटेड में आकर्षक पैकेज में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। कंपनी के द्वारा छात्रों का इंटरव्यू कैंपस में 1२३ अप्रैल को हुआ था। चयनित छात्रों को कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित छात्र के नाम : मैकेनिकल इंजीनियरिंग से रोहित मंडल, रितिका तिवारी एवं मोहम्मद राशिद तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से राहुल कुमार।

### झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद के निदेशक का पुतला दहन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को संताली भाषा तथा ओल चिकि विरोधी किरण कुमारी पासी, निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के विरोध में दोपहर 1.00 बजे जमशेदपुर प्रखण्ड कार्यलय के सामने ऑल इण्डिया संताली 'राइटर्स एसोसिएशन, जाहेर थान कमिटी तथा अन्य संगठनों के ओर से विरोध प्रदर्शन तथा 'पुतला दहन' कार्यक्रम रखा गया, जिसके लिए दिशोम जाहेर, करनडीह से प्रखण्ड कार्यलय तक 'विरोध रैली' भी निकाली गई। ज्ञातव्य है कि विगत जनवरी माह में झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रांची द्वारा अनुमोदन के फलस्वरूप वर्ग 3 से 5 तक के पर्यावरण अध्ययन एवं गणित के पाठ्यपुस्तक का अनुवाद संताली भाषा में करने हेतु 12 शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया गया था। सभी प्रतिनियोजित शिक्षकों ने मिलकर इसका अनुवाद कर संताली भाषा तथा ओल चिकि लिपि से तैयार कर उसे निर्धारित समय में सम्बंधित पदाधिकारी को जमा कर दिया। लेकिन दो दिन पूर्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रांची के निदेशक किरण कुमारी पासी ने पूर्वी सिंहभूम जिला तथा चाकुलिया प्रखण्ड के संताली शिक्षक सह समन्वयक अनुवाद समिति को ओल चिकि लिपि में पाठ्यक्रम सामग्रियों को बनाए जाने के कारण एक कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए धमकी दी कि सभी 12 शिक्षकों का वेतन उससे अदाय किया जाएगा। इसके साथ ही साथ ओल चिकि में लिपिबद्ध संताली अनुवाद सामाग्री को अस्वीकार कर फिर से देवनागरी लिपि में लिखने का आदेश देने का विरोध में पुतला दहन किया गया। इसके बाद एक बैठक कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की गई कि पासी को अविलंब पद से हटाया जाए। संथाली पाठ्य सामग्री ओल चिकि लिपि में ही किया जाए। इस बैठक में तालसा ग्राम माझी बाबा, दुर्गा चरण मुर्मू, आल इण्डिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू, वरीय उपाध्यक्ष मदन मोहन सोरेन, झारखंड राज्य सचिव सुधीर चन्द्र मुर्मू, जाहेर थान कमिटी के लेदेम मार्डी, नयन मुर्मू, डोमन टुडू, मिर्जा मुर्मू, सुकु मुर्मू, लूसी टुडू, करना मुर्मू, फागुराम टुडू, सुनील मुर्मू, दशरथ हांसदा, कुशा सोरेन देवगी मुर्मू, नव कुमार बास्के आदि उपस्थित थे।


### गोविंदपुर हाट जिप ऑफिस में शीतल पेयजल मशीन का हुआ उद्घाटन



शीतल पेयजल मशीन का उद्घाटन करते पार्षद डा पारितोष व अन्य।

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर हाट बाजार स्थित जिला परिषद कार्यालय में गुरुवार को भीषण गर्मी में आम जनों को राहत के लिए शीतल पेयजल मशीन का अधिस्थापना जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के प्रयास से समाजसेवी राम गोपाल चौधरी एवम शंकर अग्रवाल के सौजन्य से किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ परितोष सिंह ने कहा की गोविंदपुर हाट बाजार में सप्ताहिक 2 दिन हाट लगता है। यहां शहर के दूर दराज से ग्रामीण, सब्जी विक्रेता आते है। साथ ही साथ लगभग 5 हजार लोग यहां खरीदारी के लिए आते है, स्कूल, मंदिर भी बगल में होने से आम जन को इस गर्मी में परेशानी न हो इसके लिए ये शीतल पेयजल मशीन लगाया गया है। इस उद्घाटन समारोह में समाजसेवी राम गोपाल चौधरी, शंकर अग्रवाल, दिलीप सिन्हा, रमेश अग्निहोत्री, विजय कुमार, सी वी राजू, आनंद मिश्रा, नागेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, प्रशांत चौधरी, त्रिलोकी नाथ सिंह, बृजेश सिंह सहित गोविंदपुर वासी उपस्थित थे।

### विस्थापितो ने किया बैठक, तीन जून को सम्मेलन करने का लिया निर्णय



**चांडिल।** चांडिल डैम नौका विहार में विस्थापितों की समस्या को लेकर बैठक हुई जिसमें संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने आगामी ज्येष्ठ पूर्णिमा तीन जून को रात्रिकालीन सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। चांडिल डैम के सभी पुनर्वास स्थलों के सीमांकन और वहां रह रहे विस्थापितों को आवासीय भूखंडों का मालिकाना पर्चा नहीं मिलने को लेकर विस्थापितो ने रोष व्यक्त किया। श्यामल मार्डी ने कहा चांडिल जलाशय का निर्माण कृषि के विकास के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर किया गया है। जबकि इस बांध के पानी का उपयोग केवल कंपनियों के लिए हो रहा है। विस्थापितों की मांग है कि चांडिल डैम से पानी प्राप्त करने वाली सभी कंपनियां विस्थापित युवाओं को रोजगार देने में प्राथमिकता दें। इस बैठक में श्यामल मार्डी, वासुदेव आदित्यदेव, जगदीश सिंह सरदार, पशुपति सिंह सरदार, किरण वीर, ईश्वर गोप, डोमन बास्के, सुकलाल मुर्मू, नारायण गोप, कार्तिक महतो, अरविंद अंजुम उपस्थित थे।

### विधायक ने शासी निकाय कि बैठक में किया समीक्षा



**चांडिल।** गुरुवार को चांडिल अनुमंडल कार्यालय में विधायक सविता महतो कि अध्यक्षता में इंटर कॉलेज तिरुलडीह, शाहिद निर्मल महतो इंटर कॉलेज दुमदुमी व प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल आदरडीह के प्राचार्य एवं सभी सदस्य के साथ शासी निकाय की बैठक की गई। बैठक में विधायक ने सभी कॉलेज का बारी बारी से समीक्षा की। साथ ही कॉलेज में अनुदान सम्बंधित, कॉलेज की कमी खामी, बाउंड्री वाल, पठन पाठन, कॉलेज के छात्र छात्राओ आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधीकारी रंजीत लोहरा, डीएसपी संजय कुमार सिंह, प्रचार्ज उपेन चंद्र महतो, संजीत कुमार महतो, हरिपदों महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो उपस्थित थे।

### पार्षद कुसुम की पहल से लगा बारीगोड़ा-जोजोबेड़ा रेल फाटक के पास 2 अतिरिक्त नल



**जमशेदपुर।** जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती की पहल पर नुवोको विस्तास कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा बारीगोड़-जोजोबेड़ा फाटक के पास 2 अतिरिक्त सार्वजनिक नल लगाये गए। क्षेत्र के आसपास एक बड़ी आबादी निवास करती है। वर्तमान गर्मी में लोगों के समक्ष पेयजल का संकट की स्थिति बनी हुई थी। बारीगोड़ा-जोजोबेड़ा फाटक के पास पूर्व से 3 सार्वजनिक नल लगे हुए थे जो कि आबादी की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त नहीं था। लोगों की पेयजल की समस्या को संज्ञान में लेकर क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने नुवोको विस्तास कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से मिलकर कम प्रेशर वाले नल के स्थान पर मोटर युक्त 2 अतिरिक्त नल लगवाने का अनुरोध किया था। ये नल 24 घंटे खुली रहेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से क्षेत्र की मुखिया सुनीता नाग, नुवोको विस्तास कॉरपोरेशन लिमिटेड के मनीष कुमार, प्रकाश कुमार के साथ ही क्षेत्र के निवासी गण मौजुद थे।

स्पीड न्यूज

## नामकुम से छड़ लदा अगवा ट्रक बरामद

**रातू।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड से 19 अप्रैल को छड़ लदे अगवा ट्रक एनएल 01 एन 7565 को पुलिस ने मखमंदरो चौक से बरामद कर लिया है। ट्रक में रॉड सुरक्षित है। लेकिन, चालक लापता बताया जा रहा है। इसकी जांच की जा रही है।

## राहे में भोगता समाज की बैठक

**राहे।** प्रखंड के राहे ऊपरटोली में भोगता समाज की बैठक गिरिधारी भोगता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में वीर शहीद नीलांबर-पिताम्बर साही भोगता का मूर्ति स्थापना कमिटी के सदस्यों के साथ प्रतिमा स्थापित करने को लेकर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ 28 अप्रैल शुक्रवार को शहीद नीलांबर-पिताम्बर के प्रतिमा अनावरण विधायक सुदेश महतो के द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर व्यापक स्तर में प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन हरेकृष्ण भोगता ने किया।

## विधायक अधिकारियों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

**सोनाहातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में 25 अप्रैल दिन मंगलवार को 1 बजे विधायक सुदेश कुमार महतो प्रखंड-अंचल के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ-साथ प्रखंड के जनता की जन समस्याओं से भी अवगत होंगे। उक्त जानकारी विधायक कार्यालय से दी गई।

## टंडवा से अपहृत कोयला लदा ट्रक बरामद

**रातू।** पुलिस ने टंडवा थाना कांड संख्या 29/23 का खुलासा करते हुये 24 टन कोयला लदे ट्रक सीजी 10 सी 8068 को पुलिस ने तिलता चौक से बरामद कर लिया है। घटना 20 अप्रैल रात करीब 2 बजे की है। अपराधियों ने इसका अपहरण कर लिया था। चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

## टावर से चोरी की गयी 24 बैटरी बरामद

**रातू।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के तिगरा में लगे एयरटेल कंपनी की टावर से 19 अप्रैल की रात चोरी की गयी 24 बैटरी को बरामद कर लिया है। टावर में गार्ड की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी थी। अपराधियों ने इसका लाभ उठाते हुये घटना को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने उसे ऑटो समेत बरामद कर लिया। ऑटो से दो मोबाइल मिली है। मामले को लेकर कंपनी के तकनीशियन प्रियरंजन कुमार प्रसाद की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## आठवें साल रोजा रख रही है रहनुमा परवीन

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के इचापीड़ी गांव के पिरूटोला की रहने वाली रहनुमा परवीन सात वर्ष की उम्र से रोजा रखना शुरू की, जब वह तीसरी कक्षा में पढ़ती थी। इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना रमजान होता है। इसी महीने में पैगंबर मोहम्मद साहब को कुरान की आयतें मिली थीं, इसके बाद से ही रोजा रखने की परंपरा शुरू हुई। रहनुमा परवीन बड़ी बेसब्री से वर्षभर रमजान महीने आने का इंतजार करती है ताकि अल्लाह की इबादत पूरे महीने रोजा रखकर कर सके। वह लगातार आठ वर्ष से पूरे महीने रोजा रखकर अमन-चैन की दुआ अल्लाह से मांगती है। पूछने पर वह बतलाती है कि रोजा रखने की नसीहत उसे अपने अब्बू अमीर अंसारी और अम्मी हमीमा परवीन से मिली है।

## बाजार में पेयजल की व्यवस्था की गयी

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के द्वारा गुरुवार को पिठोरिया साप्ताहिक एवं दैनिक हाट स्थल पर पेयजल की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था भीषण गर्मी को देखते हुए की गई है ताकि राहगीर अपनी प्यास बुझा सके। गौरतलब है कि सप्ताहिक हाट। राजकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय एवं बैंक परिसर होने के कारण इस स्थल पर लोगों की भीड़ बनी रहती है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बरपाया कहर

## एक के बाद एक 5 घटनाओं को दिया अंजाम , गंभीर को रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा मार्ग सब्जी मंडी के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बरपाया कहर। गुरुवार को बचरा सब्जी मंडी के समीप बोलेरो ने एक के बाद एक पांच लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार समेत 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों मे अशोका परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी बिलारी निवासी कामेश्वर राम पिता स्वर्गीय रोहन राम, बहेरा निवासी संतोश विश्वकर्मा, बचरा बस्ती निवासी सीसीएल कर्मी महेंद्र महतो ,पिता रूपनाथ महतो, बिलारी निवासी निवासी चैतु महतो पिता राजू महतो ,बिलारी बस्ती निवासी,विजय महतो पिता दुखन महतो इस घटना की सूचना पिपरवार पुलिस को प्राप्त हुई। घायल व्यक्तियों को ग्रामीणों एवं प्रशासन की सहायता से बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया ।जहां



घायलों को रिम्स भेजते भाजपा नेताओं व अन्य

गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवं प्रशासन और ग्रामीणों के द्वारा संतोष विश्वकर्मा , कामेश्वर राम, महेंद्र महतो, एवं चैतू महतो, विजय महतो ,को तत्काल प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। इस दरमियान पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा घायलों के उपचार के लिए सहायता करते वक्त कोई केमिकल एसिड से हाथ घायल हो गया। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी इट संतोष विश्वकर्मा, महेंद्र महतो, कामेश्वर राम, चेतू महतो की स्थिति गंभीर है खबर लिखे जाने तक घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस संबंध में घटनास्थल पर मौजूद सब्जी मंडी के लोगों ने कहा कि तेज रफ्तार बोलेरो विशुझापा की ओर से आ रही थी इसी क्रम में उन्होंने गलत साइड पर जाकर एक-एक कर मोटरसाइकिल सवार 5 लोगों को दाहिनी और घुसकर जोरदार टक्कर मारा ।जिससे पांचो गंभीर रूप से जख्मी हो गए । इस घटना में प्रयुक्त बोलेरो जेएच10 एजे 3524बचरा बाजार टांड निवासी सीसीएल कर्मी मोहम्मद उस्मान मियां की है ।

इस घटना में सीसीएल कर्मी मोहम्मद उस्मान मियां का पुत्र असगर अंसारी बोलेरो परिचालन कर रहा था। इस घटना के समय मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बोलेरो चालक द्वारा 5 लोगों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिए जाने के पश्चात भी यह कहते हुए सुना गया कि अभी और भी टक्कर मारना बाकी है जबकि इस धटना को देखे जाने से यह प्रतीत होता है कि जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। इधर घायलों के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर अपने अपने परिजनों से रोते बिलखते मिला ।पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार , अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो , सहित थाना सशस्त्र बल के दर्जनो जवान सीसीएल सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो सहित समाजसेवी लोग उपस्थित थे।

# जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के जाड़ेया गांव में 22 करोड़ लागत से बनने वाली वृहत जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किये । तेतला ओर तेलवाडीह पंचायत के 2800 परिवार को पाइप लाइन से घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है ।शिक्षा,स्वास्थ्य,और पानी के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पूरे विधानसभा में हर घर तक पानी पहुँचाने के लिये 350



शिलान्यास करते विधायक सुदेश महतो

करोड़ की योजना चल रही है। शिक्षा ओर स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। शिक्षा को मजबूत और विकसित करने के लिये कई कार्यक्रम चल रहा है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ सुचित्रा मिंज,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो ,पार्टी प्रभारी सुनील सिंह,वरीय नेता संजय महतो, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, तारणी सिंह मुंडा, राजेन्द्र महतो, सुभाष महतो,योगेंद्र कोईरी ,दिलीप कोईरी, लखिन्द्र महतो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दावत- ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

**इटकी।** इटकी जामा मस्जिद के समीप बाजार प्रांगण में गुरुवार को नौजवान कमेटी की ओर से सार्वजनिक दावत- ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में इटकी व आसपास के गांव के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की। मौके पर देश में अमन चैन, एकता, भाईचारे व खुशहाली की सामुहिक दुआ की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी रजत मणिक बाखला, थानेदार रजनी रंजन, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, तस्लीम अहमद, इम्बेसात आलम, उप प्रमुख परवेज राजा, अब्दुल कुदुस सहित सैकड़ों रोजेदार शामिल थे।

# ओरमांझी में चार योजना का शिलान्यास

## गांव में विकास पहुंचे इसके लिए सड़क को होना जरूरी : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को चार बहुप्रतिक्षित व महत्वपूर्ण योजनाओं का षिलान्यास खिजरी विधायक राजेष कच्छप द्वारा किया गया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला चकला व राजकीय मध्य विद्यालय ईचादाग में दो-दो कमरा व बरामदा का निर्माण होगा। बारडीह में आनंदी रोड से कांसी टोला तक 1200 फीट पीसीसी पथ निर्माण व महाकेलष्वर धाम उलातु में विवाह मंडाप का निर्माण होगा। वहीं इन सभी चार योजनाओं का षिलान्यास होने पर प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताया और कहा



योजना का शिलान्यास करते विधायक राजेष कच्छप।

षिलान्यास होने वाले सभी योजना क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विधायक राजेष कच्छप ने कहा दोनो स्कूल में गांव के गरीब बच्चे पढते हैं। षिक्षित समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए गरीबों के बच्चों को भी षिक्षित होना जरूरी है। स्कूल में बच्चों की पढाई के लिए सुविधा व महौल दोनो का होना जरूरी है। उन्होने कहा सरकार सुविधा दे सकती है महौल बनाना समाज की भी जिम्मेदारी होनी चाहिए। वहीं उन्होने कहा गांव की विकास सड़क से शुरू होती है। जहां सड़क ना हो वहां विकास का पहुंचना मुष्किल है। सड़क के निर्माण होने से किसानों को बाजार, गांव वालों को मुख्यालय व बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा होगी। वहीं विवाह मंडप निर्माण के संबंध में विधायक राजेष कच्छप ने कहा ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के कई गरीब व सामान्य लोग अपने बेटा व बेटी का विवाह महाकालेष्वर धाम में कराते हैं। विवाह मंडप का निर्माण होने से लोगों की सुविधा बढेगी। वहीं बाहर से भी लोगा आवा-गमन बढेगा। विधायक ने संवेदक को निर्माण कार्य में गुणवता का पालन करने की हिदायत भी दी और उपस्थित लोगों से कहा निर्माण कार्य में गड़बड़ी होने पर सूचना दें, कार्रवायी होगी।

## गवर्नमेंट टूल रूम रांची का चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित

# 156 छात्रों को मिला प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरूवार को झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची में डिप्लोमा टूल एंड डाई मेकिंग के 2014, 2015 एवं 2016 बैच के छात्रों के लिए चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेक्रेटरी इंडस्ट्रीज गवर्नमेंट ऑफ झारखंड जितेंद्र कुमार सिंह तथा विषिस्ठ अतिथि के रूप में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड पतरातु के प्लांट हेड आरके अजमेरिया और झारखंड स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजन पचेरीवाला मौजूद थे। कार्यक्रम की षुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वे अपने लिए उच्च स्तरीय लक्ष्य रखे, छात्र स्वरोजगार या एंटरप्रेन्योर बनने की ओर भी कदम बढ़ाए, इस क्रम में इंडस्ट्री डिपार्टमेंट गवर्नमेंट ऑफ झारखंड से उन्हे हरसंभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने सरकार के कई योजनाओं के बारे में छात्रों को बताया। संस्थान के प्रचार्य एमके गुप्ता नें अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपयोगिता और चलाए जाने वाले कोंस के संबंध में जानकारी दी। अंजन पचेरीवाला एवं आरके अजमेरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनको इस सफलता के लिए ढेरों बधाइयां दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## शांति समिति की बैठक

**पिपरवार।** ईद उल फितर का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास एवं संचालन थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने किया।इस अवसर पर अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सभी मस्जिद कमेटियों से ईद की नमाज एवं समय की जानकारी लेते हुए शांतिपूर्ण ढंग से ईद मनाने की अपील की।

# बेड़ो के पुरियो में गड्ढा खोदो अभियान का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव में गुरुवार को लाभुक गुजरी उरांव के जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत के गड्ढा खोदो अभियान के अंतर्गत गड्ढा खुदाई कर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख विनीता कच्छप बीडीओ डा प्रवीण कुमार, मुखिया नीरज कुजुर व ग्राम प्रधान जयराम कच्छप के द्वारा किया गया।इस दौरान 15वें वित्त आयोग एवं मनरेगा के अभिसरण से निर्मित सोक पिट निर्माण का निरीक्षण किया गया एवं इस में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।



गड्ढा खोदो अभियान का शुरूआत करते बीडीओ व जनप्रतिनिधि।

वही उत्क्रमित मध्य विद्यालय केशा पुरियो का भ्रमण किया गया जिसमें प्रभारी शिक्षक को बच्चों की शिक्षा व मिड डे मील में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही सेमरा में पोटो हो खेल विकास योजना में मैदान के निर्माण कार्य व ड्रेसिंग रूम का कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।पुरियो गांव में विजय कच्छप के प्रधानमंत्री आवास योजना को देखकर काफी सराहना किया गया। अन्य लाभुकों को उन्हीं के जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने प्रत्येक गुरुवार नियमित रूप से रोजगार दिवस का आयोजन करने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही।मौके पर पुजार कृष्णा उरांव, संजय कच्छप, उपमुखिया विजय उरांव ,सुभाष उरांव, अनिता टोप्पो,अर्जुन महतो, बनारसी गोप ,पाबे उरांव, नागेश्वर उरांव,छोटू भगत,सहित कई ग्रामीण एवं पंचायत कर्मी आदि मौजूद थे।

# कुटे ईदगाह में सवा आठ बजे पढ़ी जायेगी ईद की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** ईद की नमाज का समय तय करने को लेकर गुरुवार को कुटे स्थित बाजार चौक में मरकजी अंजुमन कमेटी जमियत-उल-मोमिनीन कुटे व इस्लाह-उल-मुस्लिमीन रजा नगर अपर कुटे की संयुक्त बैठक हुई।इस की अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने की।बैठक में दोनों कमेटी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चांद के अनुसार कुटे स्थित मरकजी ईदगाह में सवा आठ बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।गौरतलब हो कि कुटे ईदगाह में आसपास के लगभग दर्जन भर गांवों के लोग बड़ी संख्या में एक साथ ईद की नमाज अदा करते हैं। इस अवसर पर मरकजी अंजुमन के अध्यक्ष तनवीर अहमद रजा,सचिव अली इमाम अंसारी,रजा नगर अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष शेख साजुद्दीन,सचिव मो० खुर्शीद आलम, नूरहसन अंसारी ,शेख अनवर सहित दोनों कमेटी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA**

e-Procurement Notice 2nd Call

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/ Date :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur - Mahuadarn upto Dumri Road (MDR -36) (Total Length - 11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 68,62,31,995.00 (Rs. Sixty eight Crore sixty two lakh thirty one thousand nine hundred ninety five)**Only. |
| 3. | Time of Completion | **24 Months** |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 23.05.2023 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 25.04.2023 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 24.05.2023 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla.

PR.NO.295567 Road(23-24):D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 03/2023-24/RWD/GIRIDIH दिनांक :- 20.04.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ GIRIDIH/01/ 2022-23 | सरिया मुख्य पथ से केंझीया श्रीरामडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.540 कि०मी०) | 5,36,54,400.00 | पाँच करोड़ छत्तीस लाख चौवन हजार चार सौ रू० मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ GIRIDIH/09/ 2022-23 | बाँकीकला स्कूल से मनकडीहा होते हुए नमनिया तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं– 2.450 कि०मी०) | 1,15,90,000.00 | एक करोड़ पन्द्रह लाख नब्बे हजार रू० मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 12.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गिरिडीह मे से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 15.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (15.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 16.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह के पक्ष मे एवं गिरिडीह मे भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 295603 Rural Work Department(23-24)D

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़
ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–RDSD/RAMGARH/02/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– PM-ABHIM (HSC) मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2023-24 | Mandu | Health Sub-Center, Bargawan | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /02/2023-24 | Mandu | Health Sub-Center, Laiyo | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |
| 3 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /03/2023-24 | Patratu | Health Sub-Center, Sounda | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |
| 4 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /04/2023-24 | Patratu | Health Sub-Center, Siyur | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |
| 5 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /05/2023-24 | Patratu | Health Sub-Center, Terpa | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |
| 6 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /06/2023-24 | Ramgarh /Dulmi | Health Sub-Center, Madgi | 5542000.00 | 111000.00 | 10000.00 | 09 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 26.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 03.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 04.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.05.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703868
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र पंचवर्षीय अठवर्षीय निर्गत डाकघर सावधि जमा पत्र 03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक जमा सावधि (F.D) तीन वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञित होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– 50 (लाख) से ऊपर की निविदा के लिए दो लिफाफा पद्धति में लागू होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 295619 Rural Work Department(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
Email id-eenrepchaibasa@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष 2023–24

| क्र० | आईडेन्टी फिकेशन सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | NREP/EE/CHAIBASA /01/2023-24 | सदर | पुलिस लाईन चाईबासा परिसर में पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 62,86000.00 | 03 माह | अनाबद्ध |
| 2. | NREP/EE/CHAIBASA /02/2023-24 | सदर | मन्दबुद्धि विद्यालय एवं मुकबधिर विद्यालय के चाहरदिवारी मरम्मति एवं ऊँचीकरण कार्य। | 2492100.00 | 03 माह | अनाबद्ध |
| 3. | NREP/EE/CHAIBASA /03/2023-24 | कुमारडुंगी | बाईहातु पंचायत के जोजोहातु ग्राम के पर्यटकीय विकास कार्य हेतु। | 4368400.00 | 03 माह | पर्यटन |
| 4. | NREP/EE/CHAIBASA /04/2023-24 | गुदड़ी | बान्दु पंचायत के प्राथमिक विद्यालय कमरगाँव विद्यालय का मरम्मति कार्य। | 966722.00 | 03 माह | डी०एम०एफ०टी० |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 26.04.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–03.05.2023
3. कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम चाईबासा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र में मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि 06.05.2023 एवं समय पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.05.2023 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– **कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, चाईबासा।**
6. दूरभाष सं०– 7004618937
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में **कार्यपालक अभियंयता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, चाईबासा** के पक्ष में भुगतेया होगा जो वापस नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 295582 (West Singhbhum)23-24*D

# विकास दर पर बहस

दुनिया की सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था के सबसे तेज गिरावट वाली अर्थव्यवस्था बन जाने की खबर ने टिप्पणियों की बाढ़ ला दी। सदन में भी इस मसले पर बहस हुई। भारत की वृद्धि संभावना कम ही आंकी जा रही है। यह स्पष्ट हो चुका है कि कोविड-19 के कारण बनी मंदी की परिस्थितियों से उबरने तक राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका होगा, दोहरी बैलेंस शीट संकट को एक नया अवसर मिलेगा, जटिल मौद्रिक चुनौतियां सामने होंगी और इन बातों के परिणामस्वरूप वृद्धि दर की संभावना, जो कभी 7 फीसदी से अधिक मानी जाती थी, वह काफी घट जाएगी लेकिन 5 फीसदी वृद्धि के अनुमानों का आकलन सहज पत्रकारिता के माध्यम से किया जा सकता है (निवेश दर में आईसीओआर अथवा वृद्धिमान पूंजी उत्पादन अनुपात का भाग देकर) या जटिल गणित की मदद से। भारतीय अर्थव्यवस्था डेटा के लिहाज से कमजोर उभरती अर्थव्यवस्था है जहां वृद्धि संभावनाओं के अनुमान हल्के फुल्के आंकड़ों पर आधारित हैं। इसके बावजूद किसी ने नहीं कहा था कि भारत की वृद्धि संभावना सन 1980 और 1990 के दशक में हासिल वास्तविक वृद्धि दर (जो 5.5 और 6 फीसदी के बीच थी) से कम हो जाएगी। सन 2022-23 में मुद्रास्फीति समायोजन के बाद रुपये में प्रति व्यक्ति आय 2019-20 से बेहतर नहीं रहेगी। यानी तीन वर्ष का नुकसान। अंग्रेजी के 'यू' (थोड़े अंतराल के बाद सुधार), या 'डब्ल्यू' या 'एल' आकार का सुधार या फिर 'के' अक्षर के तर्ज पर सुधार। 'के' अक्षर जैसे सुधार का तात्पर्य है एक लंबवत रेखा से निकलती दो रेखाएं। वैश्विक टीकाकारों का कहना है कि सन 2008 के वित्तीय संकट के बाद से कमोबेश ऐसा ही हो रहा है। दो करोड़ लोगों का बेरोजगार हो जाना इस समस्या की गंभीरता को प्रदर्शित करता है।

# महंगी कारों की मांग

भारत में मर्सिडीज बेंज, ऑडी और बीएमडब्ल्यू जैसी लग्जरी कार कंपनियों के महंगे मॉडलों की मांग बढ़ रही है। इसके चलते आपूर्ति दिक्कतों की वजह से ऐसे मॉडलों के लिए इंतजार की अवधि (वेटिंग पीरियड) बढ़ गई है। इन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ऑडी इंडिया कि पिछले साल से सी और डी खंड यानी 70 से 75 लाख रुपये की गाड़ियों की मांग बढ़ी है। इसमें वृद्धि मात्रा वाले खंड से अधिक रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसी कारें खरीदने में सक्षम हैं मसलन उद्योगपति, खिलाड़ी और बॉलीवुड की हस्तियां, वे आगे आ रहे हैं और लग्जरी उत्पाद खरीद रहे हैं। कंपनी ऑडी इलेक्ट्रिक ई-ट्रॉन का उदाहरण कार को एक करोड़ रुपये से अधिक दाम में बेच रहे हैं। भारत आने से पहले ही ए कारें पूरी तरह बिक जाती हैं। उन्होंने कहा कि इन कारों की इंतजार की अवधि आपूर्ति अड़चनों की वजह से बढ़ी है। पहले इनके लिए इंतजार की अवधि एक से दो माह होती थी, जो अब बढ़कर चार से छह महीने हो गई है। इन कारों के साथ सिर्फ आपूर्ति पक्ष की दिक्कत ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर इनकी मांग भी काफी ऊंची है। ऐसे में हमें प्राथमिकता तय करनी पड़ती है। वर्ष 2022 की पहली तिमाही में कंपनी के पास 4,000 से अधिक इकाइयों का ऑर्डर था। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 2021-22 में भारत में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 2,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री की। इनमें एस-क्लास मेबैक, जीएलएस मेबैक और टॉप-ऐंड एएमजी शामिल हैं। कंपनी की कुल सालाना बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सा एस-क्लास और जीएलएस एसयूवी का है। एक अन्य लग्जरी वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू को भी कुछ इसी तरह रुझान देखने को मिल रहा है। इसके महंगे मॉडलों की मांग बढ़ी है।


# अमृत काल को चरितार्थ करते प्रशासनिक अधिकारी

सिविल सेवा दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है, राष्ट्रीय सिविल सेवा के विचार का एक उत्सव है। मणिबेन पटेल ने अपनी डायरी में लिखा, बापू ने दिल्ली में नये सेवा भर्ती स्कूल का उद्घाटन किया।यह एक मर्मस्पर्शी क्षण था। सरदार पटेल ने 1947 में नव गठित भारतीय प्रशासनिक सेवा की शुरूआत की, पूरी तरह से भारतीय अधिकारी के साथ और पूरी तरह से भारतीय नियंत्रण के अधीन ... अतीत की परंपराओं और कुप्रभावों के बिना, राष्ट्रीय सेवा की अपनी वास्तविक भूमिका को अपनाने के लिए स्वतंत्र। उन्होंने एक मूलमंत्र दिया, जो प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी को प्रेरित कर सकता है: हमें भारत में प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी जिम्मेदारी के पद पर क्यों न हो। यह आपके लिए नहीं है कि आप अपने कार्य को विशुद्ध रूप से किसी अन्य दृष्टिकोण से या पूरी तरह से स्वार्थ से वशीभूत होकर करें, चाहे वह अधिकारी कितना भी प्रबुद्ध क्यों न हो। आपका सर्वप्रथम विचार यह होना चाहिए कि समग्र रूप से भारत के कल्याण में कैसे योगदान दिया जाए। इसलिए, सरदार पटेल के वाक्यांश 'स्टील फ्रेम' को एक कठोर, प्रतिबंधात्मक और नियम-बद्ध औपनिवेशिक नौकरशाही के नकारात्मक अर्थ से जोड़ना हास्यास्पद है।

1921 के कॉमन्स डिबेट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड लॉयड जॉर्ज द्वारा इंपीरियल सिविल सर्विस (आईसीएस) के वर्णन के दौरान 'स्टील फ्रेम' को सिविल सेवा की लोकप्रिय संस्कृति और स्व-परिकल्पना दोनों को परिभाषित करने के लिए प्रयुक्त किया गया था। इसलिए, राष्ट्रीय लोकाचार में निहित एक सिविल सेवा को तैयार करने की शुरूआती सरकारों की चिंताएं, ध्यान-केंद्र से विचलित हो गयीं, क्योंकि वह देश-विभाजन का अशांत दौर था। यह काम अधूरा रह गया।

सिविल सेवा के लिए एक भारतीय लोकाचार को परिभाषित करने का कार्य भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने भारत को 'अमृत महोत्सव' से 'अमृत काल' की ओर ले जाने के लिए, देश की दृष्टि और 'पंच प्रण'- पांच संकल्प - की व्याख्या की।





-श्री निवास कटिकिथला

> सिविल सेवा के लिए एक भारतीय लोकाचार को परिभाषित करने का कार्य भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने भारत को 'अमृत महोत्सव' से 'अमृत काल' की ओर ले जाने के लिए, देश की दृष्टि और 'पंच प्रण'- पांच संकल्प - की व्याख्या की।

दूसरा संकल्प अर्थात औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करने के लिए स्व-परिकल्पना के पुनरीक्षण और सिविल सेवाओं से जुड़ी औपनिवेशिक कार्य-संस्कृति को हटाने की जरूरत है। एक प्रतिबिम्ब की शक्ति और सकारात्मक दृष्टि, दोनों मुक्तिदायक हैं और सुधार करने में सक्षम हैं। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) ने सिविल सेवा को एक जीवित इकाई झ पीपल वृक्ष - जिसने प्राचीन काल से हमारी सभ्यतागत दृष्टि को अनुप्राणित किया है, के रूप प्रस्तुत किया। सिविल सेवा, 'भावना वृक्ष' के रूप में, ₹सेवा और सहानुभूति₹ का एक वृक्ष है। इस प्रकार, यह आत्म-आश्वासन और उपनिवेशवाद की भावना से मुक्ति की सकारात्मक पुनर्पुष्टि है।

नागरिकों के कल्याण में स्वर्ग-तुल्य आराम की तलाश के लिए प्रेरक कुलदेवता, शक्तिशाली स्वर्गारोहिणी की अग्रभूमि में स्थापित अकादमी, भावना वृक्ष की एक प्रतीक के रूप में परिकल्पना करती है, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण के कालातीत गुणों का प्रतिनिधित्व करता है।

अमृत काल के लिए एक आदर्श सिविल सेवा अधिकारी की विशेषताओं और अवधारणा को पहली बार 31 अक्टूबर 2019 को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

ये हैं - (1) सक्रिय और विनम्र (2) पेशेवर और प्रगतिशील (3) ऊर्जावान और सक्षम (4) पारदर्शी और तकनीक-सक्षम (5) रचनात्मक और सकारात्मक (6) कल्पनाशील और अभिनव। भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा के विचार में समग्रता है। एक पूरी सरकार और मिलकर काम करने का दृष्टिकोण, भविष्य का अंदाज लगाना, कार्य-प्रणाली में सहयोगी, संवाद व कार्यों के प्रति भागीदारी की भावना तथा स्वभाव से अभिनव। दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों की सेवा करने वाले 'भावना वृक्ष' की यही प्रकृति है।पूर्व औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करना, भारतीय मूल्यों के प्रति गर्व की भावना को साझा करना और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण के साथ कर्तव्य-बद्ध सिविल अधिकारियों का समूह, सिविल अधिकारियों की नई नैतिकता है, जो इसके पवित्र दरवाजे से, मसूरी वाला कर्मयोगी के रूप में बाहर निकलते हैं। अकादमी गीत के रिंगिंग नोट्स, हाओ धमेर्ते धीर, हाओ करोमेते बीर, हाओ उन्नतो शिर-नहीं भाय, कार्य करने के लिए उनका आध्यात्मिक आह्वान है।

'भावना वृक्ष' के लोकाचार की याद में सेवा का मार्ग है, जिसे अकादमी के प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स स्क्वायर के चारों ओर बनाया गया है। मार्ग कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित, भली-भांति बंद समय कैप्सूल की एक श्रृंखला है, जिनमें 2021 में शुरू होने और 2047 में समाप्त होने वाले सिविल सेवा प्रशिक्षुओं के क्रमिक बैचों के उद्देश्य के बयानों को समाहित किया जा रहा है। इन प्रतिबद्धता बयानों को विकसित भारत के तहत 15 अगस्त, 2047 को, भारतीय सदी की सुबह में अनावरण के लिए संरक्षित किया जा रहा है। 'भावना वृक्ष' के लिए - अपने स्वामी, अर्थात भारत के लोगों के एक सक्षम सेवक के रूप में खुद को मुक्त करने का दिन।

इस प्रकार, पूर्ववर्ती औपनिवेशिक 'स्टील फ्रेम' प्रतिमान को दरकिनार करते हुए और सरदार के आह्वान को साकार करते हुए, ...अब, आप अपने ही लोगों की सेवा कर रहे हैं। तो अब, आप अपने दिल, दिमाग और आत्मा के साथ सेवा कर सकते हैं... आप अपने लोगों की सेवा करके वास्तव में भारतीय होंगे।

(लेखक निदेशक, एलबीएसएनएए हैं।)

## खास बात

### परशुराम का अवतरण

**रमेश शर्मा**

यह कहा जाय कि विश्व में आर्यत्व की स्थापना भगवान परशुराम ने की तो यह सच्चाई का महत्वपूर्ण तथ्य होगा।

भगवान परशुराम का चरित्र वैदिक और पौराणिक इतिहास में सबसे प्रचंड और व्यापक है। उन्हें नारायण के दशावतार में छठे क्रम पर माना गया। वे पहले पूर्ण अवतार हैं। उन्हें चिरंजीवी माना गया इसीलिए उनकी उपस्थित हरेक युग में मिलती है। उनका अवतार सतयुग के समापन और त्रेतायुग आरंभ के संधि क्षण में हुआ। वह वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया थी। चूंकि उनका अवतार अक्षय है इसलिए यह तिथि अक्षय तृतीया कहलाई।

इस तिथि का प्रत्येक पल शुभ होता है। उनका अवतार एक प्रहर रात्रि के शेष रहते हुआ इसलिए यह ब्रह्म मुहूर्त कहलाया। उनकी उपस्थिति सतयुग के समापन से आरंभ होकर कलियुग के अंत तक रहने वाली है। इतना व्यापक और कालजयी चरित्र किसी देवता, ऋषि अथवा अवतार का नहीं मिलता। उन्होंने ही वह शिव धनुष राजा जनक को दिया था जिसे भंग करके रामजी ने माता सीता का वरण किया। भगवान परशुराम ने ही वह विष्णु धनुष भगवान राम को दिया था जिससे लंकापति रावण का वध हुआ। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र और गीता का ज्ञान भी देने वाले परशुराम ही हैं। पुराणों में यह भी उल्लेख है कि धर्म रक्षा के लिए कलयुग में कल्कि अवतार होगा तब उन्हें शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान देने के निमित्त भी भगवान परशुराम ही होंगे भगवाना परशुरामजी का अवतार ऋषिकुल में हुआ। भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि थे और माता रेणुका सूर्यवंशी प्रतापी सम्राट राजा रेणु की पुत्री थीं। भगवान परशुराम पांच भाई और एक बहन हैं। उनके सात गुरु है। पहली गुरु माता रेणुका हैं, दूसरे गुरु पिता महर्षि जमदग्नि। तीसरे गुरु महर्षि चायमान, चौथे गुरु महर्षि विश्वामित्र, पांचवे गुरु महर्षि वशिष्ठ, छठें गुरु भगवान शिव और सातवें गुरु भगवान दत्तात्रेय हैं। भगवान शिव की भक्ति तो पूरा संसार करता है पर उनके एक मात्र शिष्य भगवान परशुराम ही हैं। वे मन की गति से भ्रमण करते हैं। इसे मन व्यापक गति कहते हैं।

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

ताश के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं,

तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।

**-सोनू सूद, हीरो**

## रोचक ट्वीट

माझी परगना महाल, धार दिशोम, पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधि मंडल से औपचारिक मुलाकात हुई। कक्षा 5 तक की किताबों का लेखन अब जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये जो कुछ करना पड़ेगा, मैं करूंगा **- हेमंत सोरेन, सीएम**





हम उत्तर प्रदेश के युवाओं को जोड़ने के लिए एक अभिनव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं...आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का गरीबों के सुख, सुविधाओं, सपनों और उनकी समृद्धि से सीधा कनेक्शन है। **- योगी आदित्यनाथ**

# पीएम मोदी की स्टार्ट अप से प्रेरणा लेकर किया अभिनव प्रयोग

**एडी बाधवा**

**स्टार्ट** अप की लहर रांची में भी हमारे प्रधानमंत्री के इस आहवान के बाद भी कि रोजगार लेने वाले नहीं, देने वाले बनें के बाद देश में स्टार्ट अप की लहर सी चल पड़ी। इस से रांची भी अछूता नहीं है। रांची में भी कई स्टार्ट अप, विशेषकर महिलाओं के द्वारा, आरंभ करने के समाचार आ रहे हैं। इसमें नया नाम कांता मोदी का है। वैसे तो शहर में कई बाल विद्यालय हैं जो बच्चों को स्कूल जाने से पहले अच्छे स्कूल में दाखिला की न सिर्फ तैयार करवाता है बल्कि उनको एक अच्छे नागरिक बनाने में ज्यादा ध्यान देता है। कांके डैम रोड में आरंभ किए गए लिटिल स्प्राउट्स₹ के बारे में कांता मोदी बताती हैं कि इसमें छोटे छोटे बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए विश्व में प्रचलित नवीनतम सिद्धांतों का प्रयोग अपनाया जा रहा है। इसमें कांता मोदी का साथ उनका युवा बेटा शशांक मोदी भी है। शशांक नोएडा में एक बड़ी विदेशी कंपनी में अपनी नौकरी को पीछे रख अपने और अपनी मां के जुनून को सफल करने के लिए रांची में लिटिल स्प्राउट्स को सफल बनाने में लगे हैं।

कांता मोदी ने खबर मन्त्र को बताया कि आज जिस प्रकार से संयुक्त परिवार कम हो गये है और न्यूकिलियर परिवार की संख्या बढ़ती जा रही है ऐसे में बच्चों का विकास निश्चित तौर पर प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों के प्रति मेरा लगाव और देश के पीएम का संदेश से प्रभावित होकर मैंने बच्चों के लिये एक प्रयास आंरभ किया। आज मजबूरीवश बच्चों के माता-पिता बच्चों को मोबाइल और टीवी पर जोड़कर छोड़ देते हैं जिससे उनका मानसिक विकास प्रभावित होता है साथ ही बच्चा अर्तमुखी होकर चिड़चिड़ापन का शिकार हो जाता है। आज की बड़ी समस्या है कि आज हर बच्चा अकेला है और उनका विकास जिस प्रकार से होना चाहिए वैसा नहीं हो रहा है। कोरोना ने हम सब के सामाजिक जीवन को प्रभावित किया है। हमने एक सार्थक प्रयास किया है कि तीन से लेकर आठ साल के बच्चों को एक बेहतर माहौल में एक साथ खेलने-कूदने और बच्चों के साथ कम्यूनिकेट करने का माहौल दें। माहौल इतना बेहतर है कि हमारे स्कूल में एक भी बच्चा रोता नहीं है। डांस, म्यूजिक, और बच्चों के लिये मनमौजी फ्रूट की व्यवस्था से उनके मानसिक और शारीरिक विकास काध्यान रखा जाता है।

## प्रेरणा



मैं एक सप्ताह का ट्रायल क्लास भी देती हूं। मैंने महसूस किया है कि बच्चों के कम्यूनिकेशन में बेहतरीन बदलाव आता है। बच्चें अपने साथ के बच्चें को सिखाते भी है और सिखते भी है। मुझे दो दशक तक का बच्चों को पढ़ाने और बताने का अनुभव है। बच्चों के विकास की रीडिंग अभिभावक भीकरते हैं और हम भी पूरे सजग होते हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

हिंसा मुक्त हो दुनिया



## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**– नीलेश, गढ़वा**

### व्यापारिक भागीदारी

**अमेरिका** भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। ये भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अद्भुत संकेत हैं। दुनिया भर के विभिन्न देश व्यापार के लिए चीन पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय ब्रांड संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं। अपने उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के लिए एक बड़ा बाजार मिलता है। **– रवि, रांची**

# खाद्य संकट की आहट और बदलते मौसम की परेशानी



**मनोज शर्मा**

## समस्या

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न संकट की आहट महसूस की जा रही है, भारतीय किसानों की पसीने की महक देश को नया आत्मविश्वास दे रही है। निस्संदेह कोरोना की पहली लहर के बाद लगे सख्त लॉकडाउन के दौरान केवल कृषि क्षेत्र ने देश की जीडीपी को संबल दिया। वैशाखी की बयार किसानों में नई उमंग भर गई है वहीं दूसरी ओर किसानों की अंतहीन समस्याएं खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। जहां तेज गर्मी की मार के चलते अनाज की गुणवत्ता में गिरावट आई है, वहीं किसानों को मंडियों में अनाज ले जाने से लेकर बेचने तक की प्रक्रिया में तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि सत्ताधीश ग्रामीण विकास, सड़कों व मंडियों के रखरखाव तथा सुविधाओं के विस्तार के लिये आवंटित धन को अन्य मदों में खर्च कर देते हैं। इससे अन्नदाता की ? अंतहीन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता। इसका हालिया उदाहरण पंजाब का है, जहां अब तक ग्रामीण विकास फंड के दुरुपयोग के चलते केंद्र ग्रांट पर रोक लगाने की बात कर रहा था। उसके बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पंजाब सरकार ने कानून में बदलाव लाकर समस्या का युक्तिसंगत समाधान निकाला। पंजाब सरकार ने केंद्र की शर्तों के अनुरूप पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) अध्यादेश-2022 को मंजूरी दे दी। वहीं हरियाणा के किसान भी गर्मी की वजह से कम पैदावार के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाया जा रहा है कि गेहूं की पैदावार औसत से कम हुई तो बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई करेंगी। असल में, जनवरी में बेमौसमी बारिश व मार्च माह के मध्य में अप्रत्याशित गर्मी से गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि रबी की दूसरी फसलों का उत्पादन भी अन्य वर्षों के मुकाबले कम रह सकता है। राज्यों में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। दस से पंद्रह फीसदी कम उत्पादन की बात कही जा रही है। वहीं किसानों को अधिक तापमान के चलते कई तरह की अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। झुलसाती गर्मी व तेज हवा आग को फैलाने की वजह बनती हैं वहीं पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल एफसीआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं आने से खरीद एजेंसियां खरीद में संकोच कर रही हैं। इसके बाद राज्य एजेंसियों के इंस्पेक्टर्स हड़ताल पर चले गये। दरअसल, यदि गेहूं की कम मानकों पर खरीद होती है और एफसीआई द्वारा कोई छूट नहीं दी जाती तो उसकी जवाबदेही इन इंस्पेक्टरों की होती है जिसके चलते वे कुछ समय के लिए खरीद प्रक्रिया से हट गये। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने खरीद सीजन में गेहूं के सिकुड़े दानों के नियमों पर पुनः विचार करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया था जिसे बाद में केंद्र ने मान भी लिया। गर्मी के कारण गेहूं की फसल पर पड़े प्रभाव के आकलन का दायित्व इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट को सौंपा गया है। झारखंड कृषि में आत्मनिर्भर नहीं है इसलिये इन मामलों में राज्य की चर्चा तक नहीं होती है और राज्य की संभावनाओं की बात अलग से की जाती है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## एस्पायर के पांच छात्रों का रेलवे में चयन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एस्पायर कोचिंग के पांच छात्रों के रेलवे में हुआ चयन। एस्पायर के निदेशक रत्नेश कुमार ने पांचों विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री कुमार ने बताया कि पटेलनगर भुरकुंडा निवासी टिकेश्वर यादव के पुत्र जसवंत यादव का रेलवे बोर्ड सिकंदराबाद में ट्रैक मेंटेनेंस के पद पर चयन हुआ है। वहीं कुरसे निवासी भुनेश्वर प्रजापति के पुत्र नीरज प्रजापति का चयन दक्षिण पश्चिम रेलवे, डिवीजन बैंगलोर में असिस्टेंट ट्रैक मेंटेनेंस पद पर, गिद्दी निवासी राज कुमार राय के पुत्र दीपक कुमार का चयन पटना बोर्ड में ट्रैक मेंटेनेंस पद पर, भुरकुंडा शिवनगर निवासी सुनील साव के पुत्र धीरज कुमार का चयन चेन्नई बोर्ड में असिस्टेंट मैकेनिक हेल्पर पद पर और रीवर साइड भुरकुंडा निवासी नाजिर हुसैन के पुत्र आमिर हुसैन का दक्षिण पूर्व रेलवे डिवीजन रांची में अंतिम रूप से चयन हुआ है। छात्रों की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, चंदन गुप्ता, आकाश कुमार, अभिषेक मिश्रा, सचिन कुमार, अमित कुमार, रोहित, राहुल, शुभम, विक्रांत, जयंत, रोशन सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बरकट्ठा : सड़क हादसे में छात्र जख्मी

**बरकट्ठा ।** 11 वीं की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे छात्र साजन पांडेय ( 17) पिता रामकिशोर पांडेय ग्राम चौबे, चलकुशा जख्मी हो गया। बाइक हादसा बरकट्ठा परसाबाद रोड में कपका गांव के समीप हुआ। बताया जाता है कि अचानक तेज आंधी आने से बाइक सवार जख्मी छात्र अनियंत्रित हो गया और वह सड़क से तीन किलोमीटर दूर जा गिरा। जख्मी हालत में उसके साथियों ने इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा में भर्ती कराया। सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

## भाजपा नेता मदनलाल का निधन

**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा के भाजपा नेता मदनलाल (85) का निधन बुधवार के देर रात में हो गई। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर लोंगो ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है। दिवंगत मदनलाल सबसे पहले आरएसएस से जुड़े। संघ कार्यकर्ता के नाते उन्होंने भाजपा का नींव बरकट्ठा में रखा। धीरे धीरे उन्होंने बरकट्ठा में पार्टी का विस्तार किया। भाजपा संगठन में उन्हें भीष्म पितामह के रूप में भी देखते हैं। दिवंगत नेता अपने पीछे दो पुत्र तीन पुत्र समेत नाती पोता से भरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर भाजपाइयों ने कहा कि इसकी भरपाई करना मुश्किल है। वे सभी वर्गों के समस्या समाधान और मदद में अग्रणी भूमिका में रहते थे। संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, फलजीत मंडल, भाजपा नेता समन ठाकुर, रीतलाल प्रसाद, नंदलाल मंडल, सुशील कुमार पांडेय, श्यामकिशोर सिंह समेत आदि लोग शामिल हैं।

## भवन निर्माण की हो जांच : आजसू

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में विकास को गति देने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। जिसमें भवन निर्माण विभाग द्वारा चल रहे कार्य सर्वोपरि है। यहां करोड़ों की लागत से भवन निर्माण किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड सह अंचल कर्मचारियों -अधिकारियो के लिए आवास निर्माण, प्लस टू हाई स्कूल का भवन निर्माण प्रमुख है। लेकिन करोड़ों की लागत से निर्माण,भवनो की मजबूती और गारंटी तब खत्म कर देती है जब चंद लोगों द्वारा धौंश दिखा कर योजना की राशि में बंदर बाट कर लेते है। फलाफल यह होता है की कार्य को लागत राशि से कम में पूर्ण कर दिया जाता है। खामियाजा दो से तीन वर्ष में हीं दीवारों में क्रेक होना, जल रिसाव, प्लास्टर का उखड़ना, मार्बल टाइल्स आदि टूटने लगते है। इधर विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय के पीछे भवन निर्माण विभाग के कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुवे उपायुक्त से जांच की मांग की गई है। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने उपायुक्त को दिए ज्ञापन में कहा है की पुराने बिल्डिंग को नया रूप दे कर निर्माण कार्य किया गया है। अगर जांच की जाय तो अन्य कई खामियाँ भी भवन निर्माण के कार्य में उजागर हो सकते है।

## प्राकृतिक आपदा से ग्रामीण परेशान

विष्णुगढ़। प्रखंड के बरॉंय पंचायत के नौवाडीह बराय मे पशु पालक व ग्रामीण प्राकृतिक आपदा से परेशान है। नौवाडीह के ग्रामीण चेचक के प्रकोप से परेशान है। तो वहीं लंपी से गौ पालक। इस सम्बन्ध में विष्णुगढ़ के पशु चिकित्सक चंद्र शेखर प्रसाद कहते है की इस दौर में अन्य पशुओ के समूह से बीमार पशु को अलग रखना जरुरी है।. जिसे कोरिनटिन कहते है, इससे निपटने का मात्र एक उपाय है की धूप में ना रखना, इंजेक्शन लगाने की भूल ना करें। दवा की जरूरत पड़ने पर केवल चबाकर खाने योग्य दवा दे। नीम के पत्ते को उबाल कर पानी से धोएं और इम्युनिटी बढाने वाले खाना खिलावें। इधर चेचक से काफी लोग परेशान है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में मरीजों का सुध लेने स्वास्थ्य विभाग के लोग नहीं पहुंचे है।

## सैकड़ों लीटर पानी बहकर बर्बाद

**चरही ।**चरही के मंडाटांड़ स्थित गुरुवार को ग्रामीणों को पानी सप्लाई के लिये बिछाये गए मोटा पाईप टूट जाने से सैकड़ों लिटर पानी बहकर बर्वाद हो गए ।इस तरह से कई स्थानों पर सप्लाई के पाइप फट चुके हैं ।ग्रामीणों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा पानी सप्लाई के पाइप घटिया किस्म के लगाया है। जिसके कारण जल नल योजना के तहत ग्रामीणों सही ढंग से लाभ नहीं मिल पा रहा है ।और न ही ठीक से पानी की सप्लाई ही हो रही है ।ठीकेदार के द्वारा इस समस्या पर किसी तरह का कोई पहल नहीं किया जा रहा है ।ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग से मांग किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह पर फट रहे पाइप लाइन को बदला जाय ।साथ ही गावं में घर-घर नियमित पानी की सप्लाई की जाय।

# सीसीएल से जमीन के बदले मिले नौकरी

### फुसरी के ग्रामीणों ने कहा-11 साल पहले दिया था आवेदन, अभी तक नहीं मिली नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चरही।** सीसीएल तापिन साउथ परियोजना के तहत फुसरी गांव के रैयतों ने सिंघाड़ा टोला में नौकरी को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में परियोजना पदाधिकारी एके दिवाकर,मैनेजर एसके सिंह ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने खासकर जमीन के बदले नौकरी लेने को लेकर बात कहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि नौकरी के लिए ग्रामीणों ने पिछले 11 वर्ष पूर्व प्रबंधन को आवेदन दिया जा चुका है ।लेकिन अभी तक ग्रामीणों को नौकरी नहीं मिल पाई है। नौकरी संबंधित फाइल को हेड क्वार्टर दरभंगा हाउस रांची से वापस लौटकर परियोजना कार्यालय में पहुंच गई है ।परियोजना में पूछने पर बताया जाता है कि नौकरी के आवेदन के लिए पुनःआवेदन देना होगा ।साथ ही अंचल कार्यालय से सत्यापित वंशावली का प्रमाण देना होगा। आगे ग्रामीण बताते हैं कि वंशावली सत्यापित के लिए अंचल कार्यालय चुरचू जानें पर अंचल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वंशावली सत्यापित करने के लिए अंचल कार्यालय में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। जिससे इसकी जांच किया जाए। वही ग्रामीणों ने परियोजना अधिकारी के समक्ष नौकरी के आवेदन पर जल्द से जल्द प्रबंधन को फाइल आगे बढ़ाने को कहा जाय। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सीसीएल प्रबंधन नौकरी के आवेदन पर जल्द विचार नहीं करती है तो खदान बंद करने कि बात कही। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी एके दिवाकर ने ग्रामीणों को लेकर सीसीएल हजारीबाग महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम नीरज कुमार सिन्हा के साथ बैठक किया गया। जीएम श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को बताया कि सीसीएल जमीन के बदले नौकरी के आवेदन पर नौकरी देने के लिए तैयार है। अभी आवेदनों पर किन- किन विषयों पर दिक्कतें आ रही है,उसका जल्द ही निपटारा करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मोर्चा सचिव मन्नू टुडू, संजय मुर्मू, सोनाराम मांझी, बिरसा टुडू, राजेश सोरेन, सुनील हेमब्रोम, शिवा टुडू, जयराम मांझी, बिरसा टुडू, सहित गांव के कई महिला- पुरुष उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया गोला व दुलमी प्रखंड का दौरा

# ऑर्गेनिक फार्मिंग के कार्यों की ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरूवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला एवं दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोला प्रखंड के कुम्हारदगा एवं दुलमी प्रखंड के भयपूर क्षेत्र में डीएमएफटी अंतर्गत ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों का जायजा लिया।

उपायुक्त ने ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत अब तक हो चुके कार्यों की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पीपीआई फेलो एवं चयनित एजेंसी अवतार फाउंडेशन के अधिकारियों से लेने के उपरांत जमीन की घेराबंदी, ऑर्गेनिक खेती हेतु मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने व किसानों के प्रशिक्षण सहित अन्य कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर जैविक खेती का कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना के सफल आयोजन हेतु किसानों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने व ऑर्गेनिक फार्मिंग से जुड़ी उनकी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने, संबंधित क्षेत्र में अन्य जरूरतमंद किसानों को भी परियोजना से जोड़ने आदि के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने उपस्थित किसानों को ऑर्गेनिक फार्मिंग के फायदे एवं इसके माध्यम से किसानों को अपनी आय बढ़ाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें ऑर्गेनिक खेती कर अपनी आजीविका सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया। ऑर्गेनिक फार्मिंग की दिशा में जिला को अग्रसर बनाने हेतु लगभग जिले के सभी प्रखंडों में संचालित हो रही है ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना। परियोजना के तहत 6 प्रखंडों में 300 किसान लाभुकों को चिन्हित कर दिया जा रहा है लाभ। परियोजना के तहत ऑर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को बेहतर बाजार एवं सही मूल्य उपलब्ध कराने का किया जाएगा कार्य। वर्तमान समय में ऑर्गेनिक फार्मिंग के महत्व को समझते हुए उपायुक्त द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ के अधिकारियों को विशेष योजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया गया था। जिसके उपरांत जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक प्रखंड कम से कम 15 एकड़ भूमि पर स्थानीय किसानों को चिन्हित कर उन्हें ऑर्गेनिक कृषि संबंधित तकनीकों की जानकारी एवं विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

## पंचायत समिति की बैठक दूसरी बार हुयी स्थगित

दारू। प्रखंड के विकास का खाका बनाने के लिए सर्वाधिक जरूरी पंचायत समिति की बैठक के लिए दारू प्रखंड के जनप्रतिनिधि और अधिकारी खासे लापरवाह नजर आ रहे है यही कारण है कि इस महीने में दूसरी बार पंचायत समिति की आहूत की गई बैठक को रद्द कर दिया गया। अप्रैल महीने में 20 अप्रैल को दूसरी बार बुलाई गई बैठक को रद्द करने से बैठक के लिए आये बरकट्ठा विधायक अमित यादव के विधायक प्रतिनिधि बसंत सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि व अधिकारी ने अपनी नाराजगी जताई ।इस बारे में प्रमुख कुमारी स्वेता ने बताया कि पहली बैठक में पंचायत समिति सदस्य व अधिकारियों की कम उपस्तिथि के कारण बैठक रद्द की गई थी जबकि गुरुवार को बीडीओ का मीटिंग जिला में हो गया जिस कारण बैठक को फिर से स्थगित करना पड़ा। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि 11 बजे बैठक बुलाया गया था और बैठक स्थगित होने की सूचना 11 बजकर 20 मिनट पर दी गई। इस गर्मी में वे लोग अपने अन्य जरूरी कार्यो को छोड़कर बैठक के लिए आते है पर बैठक नही होती है जो कि सरासर गलत और लापरवाही से भरा है।

# कुएं से मिला युवक का शव



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के करमा नारायणपुर के कुएं में फंदे से झूलते 20 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्र का शव कुजू पुलिस ने गुरुवार सुबह बरामद किया। मृतक के पिता धनपत महतो ने कुजू ओपी में आवेदन देकर अपने पुत्र की हत्या किए जाने के बाद पुत्र के शव को कुएं में लटका दिए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पिछले 18 अप्रैल को 11 बजे सुरेंद्र महतो पिता सुरेश महतो, छोटन महतो पिता जगदेव महतो व दीपक महतो पिता शूटर महतो तीनो बूढ़ाखाप निवासी घर आए और मेरे पुत्र राजकुमार को जबरन उठाकर ले गए। बाद में उन लोगों ने बूढ़ाखाप में हेमलाल महतो के घर के समक्ष लगे बिजली पोल से रस्सी लगाकर बांधकर आरती देवी पति नारायण महतो, नारायण महतो एवं गोविंद महतो पिता दोनों हेमलाल महतो, सुरेश महतो नरेश महतो पिता स्व बुचा महतो, रमेश महतो, सुनील महतो पिता नामालूम इन सभी लोगों ने मिलकर उसका मोबाइल छीनते हुए बेरहमी से मारपीट की। साथ ही कड़ी धूप में घंटो बांधने के साथ उठक बैठक व थूककर चटवाया भी। जैसे ही हमलोगों को इसकी सूचना तो घटनास्थल पहुंचकर उसे छुड़ाकर घर लाया। 19 की रात्रि में करीब 3 बजे घर से शौच के लिए बाहर निकला, काफी देर तक घर नहीं आया तो खोजबीन करने लगा, अंततः देखा कि घर के पास के कुएं में लगे बिजली के पोल के सहारे उसका शव झूल रहा है।

## परवरिश एजुकेयर स्कूल में मना ईद

**कुजू।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल में छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों के बीच ईद-उल-फितर मनाया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शैलेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह व प्राचार्या नेहा राज बनर्जी शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि अपने छात्रों और कर्मचारियों के साथ ईद-उल-फितर मनाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने छात्र निकाय की विविधता को पहचानें और उसका सम्मान करें और सभी के लिए एक स्वागत योग्य और समावेशी वातावरण बनाएं।

# बीचा पंचायत में झामुमो की कमेटी गठित

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जन समस्याओं का हो रहा है समाधान : संजीव बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के बीच में गुरूवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मनोज गंझू व संचालन शिबु गंझू ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया सहित प्रखंड प्रमुख सीताराम बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत, चरेंद्र बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में मोर्चा की मजबुती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तत्पश्चात झारखंड मुक्ति मोर्चा बीचा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव नरेश मुंडा, कोषाध्यक्ष सुकर बेदिया, उपाध्यक्ष सुरेंद्र बेदिया, सुखदेव मुंडा, रतन देवी व दिनेश तुरी, सहसचिव बिंदेश्वर बेदिया, बीरेंद्र बेदिया, भुनेश्वर बेदिया व संजय मुंडा, संगठन सचिव पिंटू बेदिया, राजु बेदिया व गोवेर्धन बेदिया चुने गये। वहीं कार्यकारणी सदस्यों में सुष्मिता देवी, फूलन देवी, देवन्ती देवी सहित 31 लोग शामिल हैं। सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखने वाली पार्टी है। यहां सबों को एक समान मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जन समस्याओं का समाधान हो रहा है। साथ ही सबों को सरकारी योजनाओं का भी शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। श्री बेदिया ने कहा कि झामुमो विकास की राजनीति करता है। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जनसमस्याओं का समाधान ही हमारा उद्देश्य है। मौके पर झलकू बेदिया, शिवनाथ बेदिया, महावीर मुंडा, मनसा बेदिया, मनोज मुंडा, सुकर बेदिया, बिरसा तुरी, रामसेवक बेदिया, विश्वनाथ बेदिया, जय प्रकाश बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, सुष्मिता देवी, फूलन देवी, हीरामणि देवी, चानो देवी, मोनिका देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, सोनी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## वनराजा पॉल्ट्री की दी गयी ट्रेनिंग

चरही। गुरुवार को नावार्ड,एफपीओ चुरचू वाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा दो दिवसीय वनराजा पोल्ट्री विकास परियोजना का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण आंगों पंचायत भवन में दिया जा रहा था ।जिसके प्रशिक्षक गंगा प्रसाद थे। प्रशिक्षक ने ग्रामीणों को वनराजा मुर्गा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आगे बताया गया कि कम लागत पर ग्रामीण इस कार्य को कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। साथ ही वनराजा मुर्गा पालन ,पोषण, टीकाकरण ,फीड के सबंध के बारे में भी जानकारी दी। चुरचू वाडी फल सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ मनोज टुडू ने पीओएफ के माध्यम से होने वाले लाभ का विस्तृत रूप से किसानों को जानकारी दिया ।जिसमें किसानों को पशुपालन ,कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आर्थिक रूप से मजबूत करने केलिए प्रयासरत हैं ।दो दिवसीय प्रशिक्षण को किसानों ने काफी लाभप्रद बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को नावार्ड,चुरचू वाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी के चेयरमैन विनोद कुमार,प्रशिक्षक गंगा प्रसाद,सीईओ मनोज टुडू,डायरेक्टर हीरालाल महतो,कृषि विज्ञान केंद्र के बालेश्वर जी,आंगों पंचायत मुखिया चांद मुनि देवी,मोहन हेंब्रोम,उप मुखिया निर्मला देवी एवं किसानों ने सफल बनाने में यह भूमिका निभाई।

## ब्रेन हेमरेज से रिम्स में बिजेंद्र की मौत, शोक



**दारू।** दारू पंचायत के भट्विघा निवासी युवक बिजेंद्र कुमार (40 वर्ष) की ब्रेन हेमरेज होने के बाद इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गई। बिजेंद्र की मौत से पूरा गांव में मातम पसर गया जिसने भी सुना उसे यह यकीन ही नही हो रहा था कि इतने कम उम्र में इस तरह से बिजेंद्र की मौत हो गई। कुछ दिन पूर्व उसकी तबियत खराब हो गई थी जिसके बाद उसके परिजनों को लगा कि उसे पैरालाइसिस अटैक हुआ है वे लोग उसे बनासो ले गए जहां उसके ब्रेन हेमरेज होने की जानकारी मिली। यहां से उसे रिम्स रांची ले जाया गया जहां उसका बीपी लगातार बढ़ा हुआ रहा जिस कारण डॉक्टर उसकी सर्जरी नही कर पाए और गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई ।मौत की खबर उसके घर आते ही कोहराम मच गया मृतक की पत्नी दो छोटे छोटे मासूम बच्चे, अन्य परिजनों, पड़ोसियों और दोस्तो का रो रो कर बुरा हाल था। बिजेंद्र का शव एम्बुलेंस से लाया गया जिसे थोड़ी देर के लिए बासोबार फुटबॉल मैदान के पास लोगों के दर्शन के लिए रोका गया था। अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी हुजूम मैदान में उमड़ पड़ी जिसने भी उसके शव को देखा वह अपनी आंसू नही रोक पाया। उसका अंतिम संस्कार उसके ननिहाल जेरवाडीह टाटीझरिया में कर दिया गया।

कार्यालयः-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम–जुरा, थाना–भरनो (रॉंची–गुमला मुख्य मार्ग के पास) से 12 पीस सेमल बोटा सहित ट्रेक्टर संख्या–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर राकेश कुमार मिश्रा, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरुद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 29.04.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
:–वन है,तो जीवन है–: गुमला वन प्रमंडल
PR295574 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल,भवन निर्माण विभाग, रॉंची
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता,विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–27.04.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–28.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–28.04.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, रॉंची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग,रॉंची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall, Septic Tank & Soak Pit Work of Laxmi Niwas, Kanke Ranchi | 24,52,000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 2Month |

8.निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0,रॉंची
PR 295632 Building(23-24).D

अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू

ई – निविदा सूचना सं0 01/2023–24

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के अन्तर्गत औषधि, रसायन एवं उपचार सामग्री की दर निर्धारण हेतु पंजीकृत निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखंड राज्य जी0 एस0 टी0 निर्गत हो) से ई–निविदा दिनांक 15/05/2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | Rate Contract For औषधि, रसायन एवं उपचार सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 24/04/2023, समय 11:00 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक 15/05/2023 तक, समय 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | तकनीकि ई–निविदा खुलने की तिथि/समय तथा स्थान | दिनांक 17/05/2023, समय 02:00 बजे अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट |
| 4 | अग्रधन की राशि, जो Hospital Management Society, Palamu के पदनाम से देय होगा। | औषधि एवं उपचार सामग्री हेतु – 1,00,000/–( एक लाख रूपये)। राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी DD |
| 5 | ई–निविदा परिमाण विपत्र (BOQ) की अप्रत्यपर्णीय राशि जो Hospital Management Society, Palamu के पदनाम से देय होगा। | औषधि एवं उपचार सामग्री हेतु – 5000/– (पॉंच हजार रूपये) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी DD |
| 6 | निविदा अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र की राशि का D/D तथा तकनीकि निविदा से संबंधित सभी कागजातों की (हार्ड कॉपी) को हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि, समय तथा स्थान | दिनांक 15/05/2023 तक, समय : 04:00 बजे अपराह्न तक, स्थान – अधीक्षक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट |
| Further Details can be seen on Website http:jharkhandtenders.gov.in | | |

उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि को ई–निविदा के तकनीकि भाग को खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकि मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय भाग खोला जायगा।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू
PR 295586 District(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, चास (बोकारो)


ई0–निविदा सूचना
HJ & DM/DJ-CHAS/Q-3/2023/1041

1. कारा का नाम– मंडल कारा, चास (बोकारो)।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (त्रैमासिक निविदा दिनांक– 01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, मंडल कारा, चास (बोकारो)** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
   (I) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पॉंच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पॉंच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 04.05.2023 से 10.05.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि– 04.05.2023 से 10.05.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 12.05.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से 13.05.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यावधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– दिनांक–17.05.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न मंडल कारा, चास (बोकारो) के कार्यालय में अपर समाहर्ता, बोकारो की उपस्थिति में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चास (बोकारो) के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा, चास (बोकारो)
PR 295568 Home(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### झामुमो जिलाध्यक्ष ने सीएम से की मेडिकल कॉलेज रेफरल अस्पताल भवन बनाने की मांग



**कुडू।** झामुमो जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख लोहरदगा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं कुडू में 100 शैय्या वाले अर्धनिर्मित रेफरल अस्पताल भवन को जनहित में पूर्ण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में मेडिकल कॉलेज खुलने से यहां के छात्र-छात्रा को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही लोहरदगा और आसपास के जिलेवासियों को बेहतर स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। जिला अध्यक्ष मोज्जमिल अहमद ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कुडू के 100 शैय्या वाला अस्पताल मिले। मुख्यमंत्री कार्यालय से मैंने इस संदर्भ में आग्रह किया है। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपर सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण झारखंड सरकार को पत्र प्रेषित किया है।

### भंडरा : कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती के नवडीहा चौक के समीप एक कुएं से पुलिस ने कसपुर नवा टोली निवासी स्व विजय उरांव के पुत्र बंदे उरांव (64) का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को ग्रामीण की मदद से कुएं से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है। भंडरा के रामवृक्ष उरांव के कुएं से ग्रामीण पानी लेने गये थे, इसी दौरान शव तैरता दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुखिया इंद्रदेव उरांव व भंडरा थाने को दी। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और लोहरदगा सदर भेज दिया।

### कदमटोली के दो खराब चापानल दुरुस्त



**गुमला।** सामाजिक संगठन मिशन बदलाव का प्रयास धरातल पर रंग लाने लगा है। संगठन के जनमुद्दों के कार्य सफल हो रहे हैं। वार्ड का सवाल वार्ड की सरकार अभियान के तहत वार्ड नंबर एक के कदमटोली मुहल्ले के लोगों ने मिशन बदलाव सदस्यों से पेयजल की समस्या रखते हुए कहा था कि मुहल्ले के दो चापानल हैं और दोनों खराब है। मामला मिशन बदलाव के संज्ञान में आते ही विभाग से मिलकर मिशन बदलाव सदस्यों ने कदम टोली के दोनों खराब चापानल को दुरूस्त करा दिया। ज्ञात हो कि लोग जनप्रतिनिधि से कई बार चापानल ठीक कराने की अपील किये थे लेकिन कोई पहल नहीं की गयी। इधर, मिशन बदलाव के सदस्य विनय गोप, ज्योति ग्लोरिया कुजूर, चंदकला टोप्पो व लखन गोप ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मिस्त्री भेजकर चपानल ठीक करा दिया।

### चेंबर के संस्थापक की पुण्यतिथि मनी



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के संस्थापक अध्यक्ष स्व सीताराम फोगला का चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। दामोदर ने कहा कि गुमला में चेंबर की स्थापना वर्ष 1993 में स्व फोगला जी की अध्यक्षता में हुई थी। जो लगातार 5 वर्षों तक अध्यक्ष का दायित्व निभाये। उनके कार्यकाल में चेंबर ने एक अलग पहचान बनायी थी। मौके पर पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद, रमेश चीनी, अशोक जायसवाल, दिलीप मंत्री, विनोद केशरी, अमित मंत्री, मुन्नीलाल साहू, अभिजीत जायसवाल, ज्योति कुमारी, विकास मंत्री, नीरज गुप्ता, काजल कुमार, मिनी, राजेश लोहानी, सब्बू महेश लाल आदि भी थे।

### पुस्तकालय संचालन को लेकर बीडीओ ने मुखिया और शिक्षाविदों संग की बैठक



**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर स्थित पुस्तकालय भवन में बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने पुस्तकालय और पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन को लेकर गुरुवार को बैठक की। बैठक में कई पंचायत के मुखिया जनप्रतिनिधि व कई विद्यालय के प्रधानाध्यापक शामिल हुए। बैठक में बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा कि पुस्तकालय भवन के संचालन को लेकर गांव के बुद्धिजीवी, प्रतिष्ठित व्यक्ति, समाजसेवी व सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले वैसे लोग का पुस्तकालय संचालन में सहयोग की जरूरी है ताकि अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। मौके पर सीओ प्रणव ऋतुराज, मुखिया राजेश बड़ाइक, शिक्षक संजय कुमार, सहित कई विद्यालय के शिक्षक मुखिया व समाजसेवी भी थे।

### आज पीएम से एक्सीलेंस अवार्ड लेंगे डीसी

**गुमला।** जिले को होलिस्टिक डेवलपमेंट थ्रू एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ओवरऑल प्रोग्रेस विथ स्पेशल फोकस ऑन सैचुरेशन की श्रेणी में देश के सबसे प्रतिष्ठित अवार्ड प्रधानमंत्री अवार्ड से नवाजा जाएगा। 21 अप्रैल अर्थात आज यह अवार्ड प्रधानमंत्री के हाथों दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में उपायुक्त सुशांत गौरव प्राप्त करेंगे। बताते चलें कि प्रति वर्ष सिविल सर्विस डे के दिन पूरे देश में लोक प्रशासन की विभिन्न कोटियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों को प्रधान मंत्री अवार्ड से नवाजा जाता है।

### ईद उल फितर त्योहार को लेकर डुमरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**डुमरी।** डुमरी थाना परिसर में ईद उल फितर त्योहार को लेकर बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें हिंदू-मुस्लिम दोनों वर्ग के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार पांडेय ने दोनों समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि ईद पर्व को मिलजुलकर भाईचारा एवं प्रेम से मनाये। बैठक में ईद को शांति पूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद पर्व शांति सौहार्द के बीच धूमधाम से मनाया जाये। शांति सौहार्द्र बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन अपनी पैनी नजर रखेगी। सोशल मीडिया में किसी भी तरह के फैलने वाले अफवाहों से बचें।

# शांति का पैगाम देने वाला त्योहार है ईद : उपायुक्त

- सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई : एसपी
- ईद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति के बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता में ईद-2023 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखंडों से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य शामिल हुए।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कि बीते माह लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार काफी सौहार्द्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये गये जिसमें शांति समिति की पूरी टीम का योगदान रहा। सभी कार्यक्रम अच्छी तरह संपन्न हुए। प्रत्येक त्यौहार में लोहरदगा जिला ने एक मिसाल कायम किया। ईद शांति का पैगाम देने वाला त्यौहार है। इस त्यौहार को भी शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें।

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि बीते एक वर्ष से लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाये गये जिसके सभी बधाई के पात्र हैं। आप सभी ने एक-दूसरे का विश्वास हासिल किया और प्रशासन का भी। छोटी-छोटी सूचनाएं सही समय पर सभी जगह से मिलती रहीं जिसके कारण सभी चीजें ठीक रहीं। ईद खुशियों का त्यौहार है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर आप सभी नियंत्रण रखें। लोहरदगा जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है।



शांति समिति की बैठक में मौजूद लोहरदगा डीसी, एसपी और अन्य।

बैठक में डीडीसी समीरा एस ने ईद की सभी को बधाई दी और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बीते माह त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके मनाये जाने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की।

**सदस्यों ने रखी अपनी बात :** सभी प्रखंडों से आये शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में अपने-अपने प्रखंडों की बात रखी। इस दौरान सभी के द्वारा आश्वस्त किया गया कि ईद-2023 शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायी जाएगी। सभी के द्वारा विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या से अवगत कराया गया और शिकायत निवारण की मांग की गई। उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि शिकायत प्राप्त करने के लिए सभी प्रखंडों में बेहतर मैकेनिज्म डेवलप किया जाय ताकि आमजनों की शिकायतें सही मंच तक आ सकें।

सेन्हा में 'द रियल इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम' के नाम पर अमुख व्यक्ति द्वारा से लोगों रुपये लिए जाने के बिंदु पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सेन्हा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया।

बैठक में अंजुमन इस्लामिया, लोहरदगा की ओर से बताया गया कि जिला में ईद की नमाज ईद के दिन सुबह 7.30 बजे से 8.30 के बीच विभिन्न मस्जिदों पढ़ी जायेगी।

#### पदाधिकारियों को दिये गये आवश्यक निर्देश

पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडों में फ्लैग मार्च कराये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ-साथ अंजुमन इस्लामिया, महावीर मंडल के सदस्य, प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# बहुआयामी प्रशिक्षण भवन का आज उद्घाटन करेंगे राज्यपाल

- वन विज्ञान का कॉन्सेप्ट देश में पहली बार लाया जा रहा है : पद्मश्री अशोक भगत
- कुशल कारीगरों के कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा है कि कृषि विज्ञान केंद्र के तर्ज पर वन विज्ञान केंद्र की स्थापना विकास भारती में की जा रही है। जिसका बहुद्देशीय लाभ आने वाले दिनों में मिलेगा। वनविज्ञान बहुआयामी प्रशिक्षण भवन का शिलान्यास राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 21 अप्रैल को करेंगे। श्री भगत गुरुवार को होटल बिंदेश में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। श्री भगत ने कहा कि वन विज्ञान का कान्सेप्ट देश में पहली बार लाया जा रहा है। जिसमें जड़ी बुटी पर कार्य किया जायेगा। जिसका लाभ पूरे झारखंड राज्य को मिलेगा।



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल पद्मश्री अशोक भगत व अन्य।

उन्होंने कहा कि जनजातीय महिलाओं के उत्थान की दिशा में प्रशिक्षण भवन का उपयोग किया जाएगा। जो महिलाएं कुछ जानती है लेकिन उनके पास प्रमाण पत्र नहीं है। उन्हें प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण से पलायन रूकेगी और रोजगार का सृजन होगा। श्री भगत ने कहा कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 11:30 बजे विशुनपुर पहुंचेंगे। जहां से वे सीधे बलातू पहुंचकर वनविज्ञान केंद्र का शिलान्यास करेंगे और उसके बाद कृषि विज्ञान केंद्र, विद्या मंदिर व विकास भारती द्वारा संचालित कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इस क्रम में राज्यपाल शहीद जतरा टाना भगत स्मारक में श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

**खास बातें :** शिलान्यास के बाद राज्यपाल कुशल कारीगरों के कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह में भाग लेंगे। जिसमें सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव सहित कई नेता शामिल होंगे। मौके पर एनएसडीसी के झारखंड प्रभारी सुधीर चौधरी, गणेश कुडे, संतोष झा, अटल बिहारी तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मजदूरों को पीटने और मोबाइल लूटने वाला पीएलएफआइ हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार

- नहर निर्माण में लगे मजदूरों के साथ किया था अभद्र व्यवहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बंडा पतरा टोली में नहर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ विगत 7 अप्रैल 2023 को मारपीट व मोबाइल लूटने के मामले में वांक्षित पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के सड़म गांव निवासी प्रकाश यादव के रुप में हुई है।

प्रकाश पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के गिरोह में शामिल है। पुलिस को पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के बारे में भी अहम जानकारी मिली है। प्रकाश की तलाश भंडरा पुलिस को भंडरा थाना में विगत आठ अप्रैल 2023 को भंडरा थाना में दर्ज कांड संख्या 21/ 23 में थी। पुलिस ने प्रकाश के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्रकाश ने इसी मोबाइल से भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा पतरा टोली में नहर निर्माण कार्य में लगे मुंशी को धमकी देकर लेवी की मांग की थी।

#### क्या है मामला

विगत आठ अप्रैल 2023 को पीएलएफआई के हथियारबंद उग्रवादियों ने भंडरा थाना क्षेत्र के बंडा पतरा टोली में नहर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट भी की थी। साथ ही लेवी की मांग भी की गई थी। इसके अलावे घटना स्थल पर पीएलएफआई के नाम का एक पर्चा भी छोड़ा गया था । भंडरा थाना पुलिस ने कुडू थाना पुलिस के सहयोग से प्रकाश यादव को महज 11 दिनों मे गिरफ्तार कर लिया है। भंडरा पुलिस ने टीम गठित कर रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के सड़म गांव निवासी प्रकाश यादव को एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि भंडरा व कुडु में भंडरा पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित व उनके सहयोगियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्त में आए आरोपित द्वारा बंडा पतराटोली में नहर का कार्य कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट व सात मोबाइल की भी लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इन आरोपित के विरुद्ध भंडरा थाना में मामला दर्ज है। पुलिस इसकी गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही थी ।

## बच्चों का सम्यक मार्गदर्शन कर उन्हें एक सफल नागरिक बनायें : डीडीसी

- जवाहर नवोदय विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी हेमंत सती थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्जन कर किया गया। इस दौरान डीडीसी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में अद्वितीय प्रतिभा होती है। वे अत्यंत सौभाग्यशाली होते हैं जिन्हें जिले के सबसे उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलता है। बच्चों का सम्यक मार्गदर्शन कर उन्हें देश का सफल नागरिक बनाया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य पीके मिश्रा ने विद्यालय के विकास की रूप रेखा से अवगत कराया। वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अतिथि सतीश कुमार सिंह व विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव के द्वारा खेलकूद, पाठ्य सहगामी क्रिया, प्रधानमंत्री कौशल योजना द्वारा संचालित स्किल हब में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला भाजयुमो के तत्वावधान में शहर के बरवा टोली चौक में राज्य के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। भाजयुमो नगर अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा की विगत 17 अप्रैल को झारखंड की नियोजन नीति का विरोध कर रहे सैकड़ों निहत्थे छात्रों पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के इशारे पर प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्वक की गई लाठी चार्ज के विरोध में निकम्मे व छात्र विरोधी हेमन्त सोरेन का पुतला फूंका किया गया है। वर्तमान सरकार अपने आप को युवा बताती है परंतु सबसे ज्यादा प्रताड़ित युवा वर्ग को किया है जब जब अपनी मांगे लेकर उनके समीप पहुंचे हैं उन्होंने लाठियों की वर्षा से स्वागत किया है। युवाओं के मांगों को लेकर सरकार व मुख्यमंत्री घिरते नजर आते हैं तो उन्हें अपने आप में आदिवासी व दूसरों के द्वारा षड्यंत्र नजर आता है। छात्रों को विपक्षी राजनीतिक दल के सदस्य कहकर अपनी गलतियों और वादेखिलाफी को ढंकने का प्रयास कर रहे हैं।

### जल संग्रह-सिंचाई को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे की अध्यक्षता में जल संग्रह-सिंचाई की बैठक हुई। बैठक में लघु सिंचाई प्रमंडल, लोहरदगा और जलपथ प्रमंडल, रांची ने अपने विभागों से संचालित योजनाओं व लक्ष्य आदि के बारे जानकारी उपलब्ध करायी गई। इसमें मध्यम सिंचाई योजना, श्रृंखलाबद्ध चेकडैम, नहर मरम्मत, चेकडैम से पटवन, विभिन्न योजनाओं में एनओसी लिये जाने के बिंदु शामिल थे। खेल पदाधिकारी, लोहरदगा को नंदिनी डैम में नौका विहार के लिए प्रस्ताव दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जल पथ प्रमंडल, रांची से विपिन भगत, लघु सिंचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रमाकांत प्रसाद, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राम शंकर प्रसाद सिंह और जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का उपस्थित थे।

### केओ कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर अभाविप सदस्यों ने छात्रहित में रखी कई मांगें



**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गुमला इकाई के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा गुरुवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के प्रभारी प्राचार्य एजे खलखो से मुलाकात कर महाविद्यालय के छात्रों को होने वाले समस्यायों से अवगत कराते हुए उसके समाधान की मांग की। परिषद कार्यकताओं ने अपने 14 सूत्री मांगो में कॉलेज के विभिन्न क्षेत्रों के मुद्दे उठाये। जिसमें कई सालों से गणित विभाग में एक भी शिक्षक नहीं होने से छात्र हित में शिक्षक की मांग, प्रयोगशाला में नये और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने, पुस्तकालय में सेमेस्टर आधारित पुस्तकें और फ्री वाई-फाई की सुविधा, बैठने की व्यवस्था, कॉलेज में नई शिक्षा नीति और विभिन्न विषय पर समय समय पर सेमिनार और कार्यशाला करा कर विशेषज्ञों एवं व्याख्याताओं को कार्यक्रमों में शामिल करने, महाविद्यालय में छात्रों के लिए पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था करने, छात्रों के विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कॉलेज परिसर के साफ-सफाई नियमित रूप से हो और छात्रों को सूचनाएं सरलता से मिले इसके लिए कॉमन नोटिस बोर्ड की व्यवस्था कॉलेज के सभी संकाय में करने की मांग की गई। छात्रों के लिए वाद्य यंत्र और अखाड़ा की व्यवस्था करने एवं छात्र भयमुक्त वातावरण में सुरक्षित रहे इसके लिए कॉलेज गार्ड की व्यवस्था के साथ परिसर को सीसीटीवी कैमरा से लैस करने की मांग भी की गयी।

## रानी सती दादी मंदिर में हुआ मंगला पाठ व भजन कीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर में अमावस्या को लेकर श्री राणी सती दादी जी के तस्वीर का अलौकिक श्रृंगार कर मारवाड़ी समाज की 21 महिलाओं ने दोपहर से अपने रीति-रिवाजों एवं अपने परंपरिक राजस्थानी वेशभूषा पहन कर धूमधाम से मंगला पाठ एवं भजन कीर्तन किया। श्री गणेश वंदना के साथ शुभारंभ कर कई व्यंजनों के साथ भोग लगा। मंगला पाठ एवं मनमोहक भजनों से वहां के सारे वातावरण भक्तिमय हो उठा, उसके उपरांत संध्या को आरती कर प्रसाद बांटा गया। प्रत्येक अमावस्या को दादी मंदिर परिसर पर समाज की महिलाएं मंगला पाठ एवं भजन कीर्तन करती हैं।

### सड़क दुर्घटना में सिपाही बाइक से गिरकर जख्मी

**गुमला।** सुरसांग थाना में सिपाही के पद पर कार्यरत अंबवा निवासी नौशाद अंसारी (25) गुरुवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईद को लेकर नौशाद अंसारी छुट्टी लेकर अपने घर बड़ा अंबवा आये हैं। गुरुवार को पर्व की खरीदारी को लेकर गुमला बाईक से आये थे। वापसी के क्रम में बरगांव मंदिर के सामने बाईक का चक्का बलास्ट कर गया। जिससे वह बाईक से गिरकर घायल हो गये। घटना में नौशाद के चेहरे पर चोट लगी है।

## पत्रकार के निधन पर जिला भाजपा ने किया शोक व्यक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पत्रकार रमेश पांडेय के आकस्मिक निधन पर जिला भाजपा के द्वारा शोक व्यक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा है कि रमेश पांडे सरल व्यक्तित्व के धनी एवं पत्रकारिता जगत में लंबे समय तक अनेकों लोगों के मार्गदर्शक रहे। गुमला वासी को उनकी कमी सदैव रहेगी। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, महेश पोद्दार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, शिव प्रसाद साहू, मंगल सिंह भोक्ता, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, विजय कुमार मिश्रा, सविंद्र सिंह, सत्यनारायण पटेल, मिशिर कुजूर, अवधेश प्रताप शाहदेव, किरण बाड़ा, लाल मोहन साहू, यशवंत सिंह, गायत्री देवी, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, संजय सिंह, सुजीत नंदा आदि शमिल थे।

# सरकारें भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी व पलायन रोकने में विफल : विजय सिंह

- भाकपा रेड स्टार और जेएनडी सिसई विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** भाकपा रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल सिसई विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की बैठक गुरूवार को सिसई प्रखंड के कुम्हार मोड़ में पार्टी नेता मंगरा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व गुमला के वरिष्ठ पत्रकार रहे रमेश कुमार पांडे व ओशो पुसो एकंबा के पार्टी कार्यकर्ता जितिया पहान के निधन पर शोक प्रकट करते हुए एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, पलायन व मानव तस्करी जैसी समस्या को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। गांव से लेकर शहर तक के हालात बद से बदतर हैं। स्थानीय सांसद व विधायक जनसमस्याओं व सरकारी महकमों में मची लूट के प्रति मूकदर्शक बने हुए हैं। ऐसी स्थिति में जनता के प्रति जवाबदेह माले व झारखंड नवनिर्माण दल जैसी पार्टी को मजबूत बनाने की अपील करते हुए हालात बदलो यात्रा का संदेश को गांव-गांव में ले जाने की जरूरत बतायी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता जागरूक व संगठित होगी तभी स्थिति में बदलाव आयेगा। बैठक में एक मई को मजदूर दिवस मनाने, गुमला जिला स्थापना दिवस पर आयोजित 18 मई 2023 को रहम करो कार्यक्रम में भाग लेने, हुल दिवस 30 जून 2023 को गुमला में लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी सिसई विस-क्षेत्र में जोर-शोर से करने का निर्णय हुआ।





बैठक में शामिल भाकपा रेड स्टार व जेएनडी के पदाधिकारी।

**ये भी थे उपस्थित :** बैठक में शिवप्रसाद साहू, धर्मपाल उरांव, सोमा उरांव, भूषण उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, मनी उरांव, सीता देवी, यशोदा देवी, पवंती उरांव, बिनको तिर्की उपस्थित थे।

# जिले के 17 बालू घाटों की निविदा प्रक्रिया हुई शुरू : आलोक साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लगभग 5 वर्षों से अधिक लोहरदगा में लंबित बालू घाटों की निविदा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। झारखंड सरकार से लोहरदगा जिला के बालू घाटों के लिए डिस्टिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) की मंजूरी मिल गई है इसके लिए जेएसएमडीसी के एमडी ने लोहरदगा उपायुक्त को पत्र लिखकर कैटेगरी ए और बी बालू घाटों के लिए माइंस डेवलपर ऑपरेटर (एमडीओ) चयन के लिए निविदा जारी करने का आग्रह किया है। इसी मामला को लेकर आलोक कुमार साहू जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद से मुलाकात कर बालू घाटों के निविदा के संबंध में वस्तु स्थिति से अवगत हुए। जिला खनन पदाधिकारी ने श्री साहू को बताया कि लोहरदगा जिला में श्रेणी ए और श्रेणी बी के 17 बालू घाटों की निविदा जिसमें कैरो प्रखंड से एक ,कुडू से तीन, लोहरदगा से पांच और सेन्हा प्रखंड से आठ बालू घाटों का निविदा निकाला गया है। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 27 अप्रैल तक है। कोयल नदी और शंख नदी को छोड़कर छोटे-छोटे नदी से मुखिया के माध्यम से भी बालू का उठाव किया जा सकता है। श्री साहू ने कहा कि विगत लगभग 5 वर्षों से लोहरदगा की जनता बालों की समस्याओं से जूझ रही है। विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों एवं निजी घर बनाने वाले जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसका समाधान जल्द हो जाएगा तथा ट्रैक्टर मालिक बालू उठाने का जो दंश झेल रहे थे उसका भी पटाक्षेप शीघ्र हो जायेगा।



आलोक साहू।

## स्पीड न्यूज़

### छापामारी अभियान में 40 किलो जावा महुआ नष्ट

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के करमाही में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान महुआ शराब बनाने का उपकरण को बरामद किया। साथ ही 40 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। जबकि घर के सदस्य मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से बनाये जा रहे महुआ शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। लोग निर्भिक होकर अवैध शराब बनाने वालों की खबर पुलिस को दे। वैसे लोगों के उपर अविलम्ब करवाई की जाएगी। छापामारी दल में एसआई सहदेव साह और पुलिस जवान थे।

### फर्जी ऑपरेटर कर रहे हैं आधार का पंजीकरण

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखण्ड कार्यालय के पीछे स्थित आधार पंजीकरण केंद्र में फर्जी ऑपरेटर द्वारा आर्टिफिशियल बॉयोमैट्रिक से आधार पंजीकरण किया जा रहा था। जब इसकी सूचना पत्रकारों को मिली तो पत्रकार को पहुंचते ही ऑपरेटर विकास कुमार आर्टिफिशियल बॉयोमैट्रिक को फेक कर वहां से भाग गया। इस संबंध में जब आधार पंजीकरण केंद्र के ऑपरेटर शशिभूषण मेहता से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम नगर आ गए हैं विकास को सिर्फ डाटा इंट्री करने के लिए बोले हैं।

### कार्यशाला सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** डीएवी स्कूल चतरा के एनसीसी विंग एवं 22 झारखण्ड एनसीसी बटालियन, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जी-20 जागरूकता कार्यशाला सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय एनसीसी विंग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लगभग 100 बालक एवं बालिका एन सी सी कैडेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सैय्यद एजाज अहमद ने कहा कि इन प्रकार के कार्यक्रमों से आप सभी एन सी सी कैडेटों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा साथ ही कैडेटों का मनोबल बढ़ाते हुए आगे और अच्छा करने की शुभकामना प्रदान किया।

### एसपी ने दो पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**चतरा।** रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद एसपी राकेश रंजन दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। बता दें कि बुधवार को लावालौंग थाना में तैनात एएसआई नागेश्वर पंडित समेत दो पुलिसकर्मियों का वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद एसपी राकेश रंजन ने सिमरिया एसडीपीओ से मामले की जांच करायी। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद एसपी ने बुधवार की देर शाम दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। बता दें की इससे पहले भी एएसआई नागेश्वर पंडित रिश्वत मामले में लाइन हाजिर हो चुके थे।

### तीन दिवसीय नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट 24 से

**इटखोरी।** हाई स्कूल के मैदान में अगले 24 अप्रैल से जय माता दी क्लब के तत्वावधान में इटखोरी प्रीमियम लीग नाईट नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारी चल रही है। कृत्रिम रोशनी के बीच रात में होने वाले इस टूनार्मेंट को लेकर लाइटिंग समेत पिच की तैयार किए जाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना परिसर में गुरुवार को 10 बजे ईद को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता देवीपुर पंचायत के मुखिया बेदु साव व संचालन नवलशाही थाना प्रभारी अनील सिंह ने किया। बैठक में भाईचारे के साथ ईद पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने ईद पर्व के मौके पर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की। नवलशाही थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों व ईद्गाहों में 7 बजे से 9 बजे तक ईद की नमाज पढ़ी जायगी। बैठक में समाज सेवी किशोर यादव, राजकुमार तिवारी, आदि समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आर्म्स एक्ट मामले में दो को 5-5 साल कैद की सजा, जुर्माना भी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने कोडरमा थाना कांड संख्या 194/14 एसटी 35/16 आर्म्स एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए दो आरोपियों तिनतारा कोडरमा निवासी प्रदीप मण्डल पिता स्व दशरथ साव और देवी मंडप रोड झुमरीतिलैया निवासी सिकन्दर यादव पिता रघु यादव को धारा 25(1)( बी) 26/35ए आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए दोनों आरोपियों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास और 5-5 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना की सजा सुनाई है, आर्थिक जुर्माने की राशि नही देने पर दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा। घटना 7 नवम्बर 2014 की है। गौरतलब हो कि कोडरमा थाना में पदस्थापित तत्कालीन एसआई अलखदेव प्रसाद सिंह के बयान पर कांड संख्या 194/14 में मामला दर्ज किया गया था, दर्ज मामले में एसआई ने कहा था कि बीते 6/7 नवम्बर 2014 देर रात्रि



को गश्ती पर थे, उसी दौरान तिलैया थाना के गश्तीदल सूचित किया कि नवलशाही थाना क्षेत्र में किसी टेम्पो वाले का अपहरण करने की घटना हुई है, मामले को लेकर उपरोक्त दोनों आरोपियों के घर पर छापेमारी की गई परन्तु दोनों नही मिले, जिसके बाद गुप्त सूचना मिली कि दोनों लोकाई के एक मंदिर में छिपे हुए सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार लोगों में तलाशी के क्रम में सिकन्दर यादव के पास से लोडेड देशी पिस्तौल बरामद किया गया तथा प्रदीप मण्डल के पास से तीन जिंदा गोली बरामद किया गया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोकअभियोजक पीके मण्डल ने गवाहों का परीक्षण कराया और अभियुक्तों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की, जबकि बचाव पक्ष से अधिवक्ता मंटू सिंह ने अपनी दलीलें पेश की। माननीय अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए लॉटरी जरूरी : उपायुक्त




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केन्द्रीय विद्यालय के कक्ष प्रथम में नामांकन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में लॉटरी का आयोजन किया गया, जिसमे अभिभावकों की मौजूदगी में लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन कर छात्र छात्राओं का चयन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त रंजन ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, इसके लिए अभिभावकों के बीच लॉटरी का आयोजन किया गया।

## अलविदा जुमा नमाज की तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सभी मस्जिदों में शुक्रवार को रमजान पाक महीना का अलविदा जुमा नमाज की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को रमजानुल मुबारक का रमजान का आखिरी जुमा भी है। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मस्जिदों में तकरीर और अलविदा खुतवा होगी। इसके बाद मुस्लिम समाज लोग दो रिकात जुमा की फर्ज नमाज अदा करेंगे। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित जामा मस्जिद, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, देवीपुर, खेशमी, महुवाटांड़, नावाडीह, विंडोमोह, दशारो, महतारिया अहरी, तेलियामारन, मझला नगर, पूरनानगर, महूंगाय, दरदाही, मूर्कमनाय समेत अन्य



मस्जिदों में अलविदा नमाज अदा कराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मरकच्चो जामा मस्जिद के इमाम मौलाना रफीक आलम ने कहा कि रमजान महीने के आखिरी जुमा को अलविदा या जोमातुलविदा भी कहते हैं। यू तो इस माह के हर दिन की अहमियत है, लेकिन जुमा को और दिनों का सरदार कहा जाता है। इसलिए इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। रमजान के आखिरी जुमा की नमाज से रमजान के रुखसत होने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि माह-ए-रमजान अलविदा, यह कहते ही ईद के आने की खुशी जहां लोगों में होती है, वहीं इस रहमत भरे महीने के जाने का गम भी रहता है।

### ईद को लेकर बाजार है गुलजार

**कोडरमा।** ईद को लेकर बाजार में काफी रौनक देखी जा रही है। खरीदारी के लिए सबसे अधिक भीड़ रेडीमेड दुकानों के अलावा जूता चप्पल की दुकान व लेडीज कॉर्नर में देखने को मिल रहा है। इन दुकानों में ग्राहकों की काफी भीड़ ईद की अंतिम खरीदारी को लेकर जुट रहे है। रोजेदारो का सबसे पसंदीदा रोजा खोलने के लिए खजूर पसंद है।

### आज भी 10 लुप्तप्राय जनजाति बिरहोर परिवार झोपड़ी में रहने को विवश

## बिरहोर परिवार का आवास डेढ़ साल से अधूरा, लाभुक लगा रहा गुहार

दीपक

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत लोकाई स्थित बिरहोर टोला में करीब 40 लुप्तप्राय जनजाति बिरहोर परिवार रहते हैं, इनमे से 10 बिरहोर परिवारों का आवास का कार्य करीब डेढ़ वर्षो से अधर में लटका है। इस कारण अभी भी यह बिरहोर परिवार झोपड़ी में ही रहने को विवश है।

बताते चलें उक्त मामले को लेकर आवास योजना के लाभुक बिरहोर परिवारों के द्वारा 24 दिसंबर 2022 को उपायुक्त आदित्य रंजन को आवेदन सौंपा गया था। दिये गये आवेदन में बताया गया था कि हम 10 बिरहोर परिवारों को प्रधानमंत्री एवं बिरसा मुंडा आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला था, जो करीब करीब 12 माह पूर्व आधा-अधूरा बनकर तैयार हुआ, परंतु अभी तक



खिड़की, दरवाजे और दीवारों में एवं फर्श का प्लास्टर नहीं हुआ है, जिस कारण काफी समस्या हो रही है। आगे बताया गया था कि आवास बनाने को लेकर जो पैसा हम लोगों के खाता में आया था, वह लोकाई पंचायत के पूर्व मुखिया के द्वारा ले लिया गया था और उन्हीं के द्वारा आवास बनाया जा रहा था। अब जब मुखिया से खिड़की, दरवाजे और प्लास्टर करवाने की बात करते हैं तब वे कहते हैं कि खाते में पैसा आएगा तभी बाकी बचा हुआ काम होगा। वहीं बिरहोर परिवारों द्वारा उपायुक्त आदित्य रंजन से अधूरा आवास पूर्ण कराने की गुहार लगाई गई थी।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में 13 बिरहोर परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बिरसा मुंडा आवास योजना का लाभ दिया गया था, जिनमे से 3 बिरहोर परिवारों ने किसी तरह अपने आवास का कार्य पूर्ण किया, परंतु 10 लाभुक का आवास का कार्य अब तक अधूरा है, जिसे लेकर बिरहोर समुदाय आला अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, परंतु सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। लाभुक बिरहोर बताते हैं कि उनके खाते में आवास निर्माण के लिए ब्लक से बराबर पैसा भेजा गया। जिसे पूर्व मुखिया जी के द्वारा निकाला गया और उस पैसे से ही पूर्व मुखिया के द्वारा बिरहोर परिवारों का आवास बनाया जा रहा था, लेकिन डेढ़ वर्ष बीत चुका है मगर आवास अधूरा है। आपको बता दें इनमें से दो बिरहोर परिवारों को बिरसा मुंडा एवं बाकी 8 बिरहोर परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। बिरसा मुंडा आवास योजना के लाभुकों के खाते में अभी आखिरी किस्त 17-17 हजार रूपए आना बाकी है, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना का कुल किस्त लाभुकों के खाते में भेजा जा चुका है।

### चार माह बीतने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

उक्त मामले को लेकर चार माह पूर्व उपायुक्त को आवेदन सौंपे जाने के बाद भी अधूरे पड़े आवास में पूर्व मुखिया के द्वारा गेट लगाया गया, परंतु इन चार महीनों में अधूरे आवास में ना तो खिड़की लगा और ना ही दीवारों में प्लास्टर किया गया। वहीं बिरहोर टोला निवासी संजय बिरहोर जो अपने प्रधानमंत्री आवास में प्लास्टर करवा रहा था, उन्होंने बताया कि मैं अपने पैसे से प्लास्टर करवा रहा हूं, अभीतक मेरा 14 हजार रुपये खर्च हो चुका है। आवास योजना का जो पैसा खाता में आया था, वह तो मुखिया जी ले लिए हैं, जिसके बाद काफी लिखा पढ़ी करने के बाद गेट लगा दिया, लेकिन अभी तक खिड़की भी नहीं लगाया है।

## प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक



बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर की अध्यक्षता में की गई। यह बैठक मासिक बैठक है। बैठक विशेष रूप से बढ़ते प्रचंड गर्मी को ध्यान में रखते हुए कई पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बीडीओ ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा पत्र जारी किया गया है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से प्रत्येक वर्ग में जल की व्यवस्था रखने, विद्यालय में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने, विद्यालय परिसर में जगह-जगह पीने का पानी व्यवस्था रखने, प्रत्येक घंटी में पानी पीलवाने, मध्यान भोजन का खाना जलयुक्त देने, मध्यान भोजन का थाना कक्षा में एवं बरामदे में बैठाकर खिलाना, कक्षा से बच्चा बाहर नहीं निकलने, गर्मी से बचाव हेतु सर ढकने, स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम में आरोग्य दूत हुआ मैसेंजर की व्यवस्था की देखभाल हेतु रोजाना छात्रों को टिप्स देने, एएनएम या डॉक्टर की नियमित अंतराल में विद्यालय में भ्रमण सुनिश्चित करने एवं बच्चों को पानी पीने की हिदायत देना है। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के 3 विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरसोता, अखोरीतहले एवं दवनकारा विद्यालय में पोषण वाटिका खोलने का निर्देश दिया गया है। इस वाटिका के माध्यम से विद्यालय में ही साग सब्जी उगा कर बच्चों को खिलाया जाएगा।

## गर्मी ने किया बेहाल, शाम को बूंदाबांदी से मिली राहत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला में पिछले सात-आठ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनजीवन बुरी तरह बेहाल है। जिससे आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही कड़ी धूप भी लोगों की मुश्किल बढ़ा कर रखे हुए है। इधर जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार की शाम अचानक तेज हवाएं चलने लगी। इटखोरी में हवाओं के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। हल्की बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत मिली। गुरुवार के दिन की शुरूआत भीषण गर्मी से हुई जो दोपहर बाद अपने चरम पर पहुंच गई। जरूरतमंद व्यक्ति ही इस गर्मी में घरों से बाहर निकल रहें थे। शाम करीब पांच बजे अचानक से तेज हवाएं चलने लगी। थोड़ी देर बाद हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। मौसम में अचानक इस परिवर्तन से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इटखोरी का मौसम भी सुहाना हो गया। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### तेज हवा तूफान से सड़क पर गिरा पेड़



**इटखोरी।** गुरुवार को भीषण गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम ने अपना रुख बदला। तेज हवा के कारण इटखोरी-चौपारण मार्ग स्थित तुम्बीचौक पर एक आम का पेड़ गिर गया। इससे काफी देर तक रास्ता बाधित रहा। इसके चलते आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण एवं युवाओं ने मिलकर पेड़ की डालियों को रोड से हटा कर रास्ता साफ किया।

### प्यासे लोगों को मुंह चिढ़ा रहे खराब चापाकल

**इटखोरी।** एक ओर जहां चिलचिलाती धूप और बढ़ती गर्मी लोगों की प्यास बढ़ा रही है, वहीं इटखोरी बाजार का चापाकल कई दिनों से खराब है। हालत यह है कि दुकानदारों, राहगीरों, आसपास के लोगों और बाजार में खरीदारी करने वालों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्यास लगने पर बाजार आए लोगों के पास विकल्प है कि पानी खरीद कर पीए या फिर प्यासे रहे। चापाकल खराब रहने की शिकायत संबंधित विभाग,



स्थानीय जनप्रतिनिधियों से की गई, परंतु किसी स्तर से सुध नहीं ली गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो माह से चापाकल खराब है। चापाकल की सारी पाइप जर्जर हो गई है।

## एक नजर में

### शांति समिति की बैठक आयोजित



बैठक करते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में गुरुवार को ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि ईद का पर्व सिर्फ मुस्लिम भाई का ही नहीं बल्कि हम सभी प्रखंडवासियों का है। हिदू का पर्व हो या मुस्लिम का पर्व हो सभी लोग एकजुट होकर एक दूसरे को सहयोग करते आए हैं।

### ईद मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य निखर कुमार ने की। जहां विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे समारोह के आकर्षण का केन्द्र थे। वहीं प्राचार्य निखर कुमार ने विद्यालय परिवार को ईद की शुभकामनाएं दीं और बताया कि यह पर्व प्रेम, शान्ति और भाईचारे का संदेश देता है।

### बंदोबस्ती के लिए 86 लाख 59 हजार की लगी सर्वाधिक बोली



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रखण्ड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बिहार और झारखण्ड सीमा पर अवस्थित मेघातरी बस स्टैंड के वितीय वर्ष 2023-2024 की बंदोबस्ती के लिए जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में नीलामी का आयोजन किया गया। इस नीलामी प्रक्रिया में मात्र दो लोग पंकज रजवार और शम्भू कुमार शामिल हुए, दोनों के बीच कई राउंड तक बोली का आयोजन किया गया, जिसमें पंकज रजवार द्वारा सर्वाधिक बोली 86 लाख 59 हजार की बोली लगाई जाने पर उसके नाम पर बस पड़ाव का बंदोबस्ती एक वर्ष के लिए किया गया। पिछले वर्ष इस स्टैंड की बंदोबस्ती 75 लाख 10 हजार में किया गया था। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने बताया कि एक वर्ष के लिए उक्त बस पड़ाव का बंदोबस्ती पंकज रजवार के नाम पर किया गया, बस पड़ाव द्वारा वाहनों से निर्धारित चुंगी वसूली किया जाना है, इसके तहत प्राइवेट बस (बड़ी गाड़ी) से एक सौ प्रतिदिन, मैक्सी, टैक्सी (छोटी गाड़ी) से 50 और टेम्पू तथा अन्य भाड़े के छोटे गाड़ियों से 15 रुपये प्रतिदिन बतौर चुंगी लिया जाना है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** चेचई चाराडीह स्थित विवेकानंद कन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार एवं सह निदेशिका खुशबू गुप्ता ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अपने विद्यालय प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशिका खुशबू गुप्ता सहित दश शिक्षकों एवं अभिभावकों ने रक्तदान किये। रक्तदाताओं में खुशबू गुप्ता, उत्तम कुमार, राजीव रंजन, राहत अली, मुरारी मिश्रा, संजय बनर्जी, संतोष रजक, रमेश साव एवम संतोष साव शामिल हैं। अतिथियों के उपस्थिति में मुरारी मिश्रा एवं खुशबू गुप्ता ने सबसे पहले रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया।

### समाजसेवी नूनमन मोदी का निधन

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड के जानेमाने समाजसेवी चंदवारा निवासी 85 वर्ष नूनमन मोदी का निान हो गया। इन्होंने अपने जीवन काल में कई दशक तक राजनीति पार्टी से जुड़ समाजसेवा में लोगों के सहयोग करते रहे वे बेबाक बोल बचन के रूप में जाने जाते थे। फिलहाल कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और गुरूवार को उन्होंने अपने चंदवारा स्थित निवास पर लगभग एक बजे अपने भरे पूरे परिवार के बीच अंतिम सांस ली। यह चंदवारा प्रखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री मोदी बच्चे, युवा व बुजुर्ग सबों के दिलों के चहेते थे। इनके निान पर क्षेत्र के संसद, विाायक, पूर्व विधायक, पंचायत जनप्रतिनिधियों व प्रखण्डवासियों ने शोक व्यक्त किया।

### कुआं में डूबने से किशोरी की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र के बच्छेडीह गांव में बुधवार देर शाम कुआं में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 15 वर्षीय किशोरी ग्राम बच्छेडीह थाना नवलशाही निवासी के रूप में हुई है। क्षेत्र में चर्चा के अनुसार किशोरी देर शाम कुआं से पानी निकालने गयी थी, उसी दरमियांन पैर खिसक गया और कुआं में समा गयी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। दूसरी ओर किशोरी के घर नहीं आने पर मृतक के परिजन खोजबीन करने लगे तो पता चला की कुआं में शव तैर रहा है, तभी स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकालकर देखा गया तो पता चला की वही बच्ची है, जिसे खोज-बिन किया जा रहा है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने नवलशाही पुलिस को सूचना दी, जहां थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### नवनिर्मित छठ घाट का प्रमुख ने किया उद्घाटन

**डोमचांच (कोडरमा)।** 15वें वित्त आयोग के तहत प्रखंड अंतर्गत 19 पंचायतों में 65 लाख की लागत से विभिन्न योजनाएं सड़क निर्माण, पीसीसी, गार्डवाल, तालाब गहरीकरण व सुंदरीकरण इत्यादि योजनाएं संचालित हैं। इसी के तहत खरखार पंचायत अंतर्गत ठाकुर तालाब में 5 लाख की लागत से छठ घाट का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख के द्वारा किया गया। वहीं प्रमुख ने कहा कि विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और न देरी की जाए, चाहे वह कर्मचारी स्तर पर हो या प्रशासनिक स्तर पर। मौके पर उप प्रमुख, मुखिया, स्थानीय जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# वन विभाग ने भूमिहीन का पीएम आवास किया ध्वस्त

## दलित परिवार को बेघर करने से अंग्रेजी हुकूमत की याद ताजा हो गयी : प्रकाश राम

➲ ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम पर दिया आवेदन कार्रवाई की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में वन विभाग द्वारा एक दलित परिवार संदीप भुइयां का प्रधानमंत्री आवास को वन भूमि की जमीन बताकर जेसीबी लगाकर घर को ध्वस्त कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गणेशपुर ग्राम के दर्जनों ग्रामीणों ने महामहिम राज्यपाल के नाम से एक आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है आवेदन में कहा गया है कि संदीप भुइयां पूरे परिवार के साथ पिछले 100 वर्षों से ज्यादा से मिट्टी का घर बनाकर वन भूमि की जमीन में रहते आ रहा था। इस परिवार के पास इस घर के अलावे कहीं एक डिसमिल जमीन नहीं है। आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व ब्लॉक द्वारा एक इंदिरा आवास दी गई थी। जो इसी जमीन पर ही बनाया गया था और बाद में एक प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया था। यह परिवार प्रधानमंत्री आवास एवं पूर्व में बनाये गए इंदिरा आवास में रह कर अपना जीवन यापन कर रहा था। इधर वन विभाग की टीम पिछले कुछ दिनों से आवास खाली करने का दबाव बना रहा था। पीड़ित परिवार द्वारा 29 मार्च को लातेहार उपायुक्त के दरबार में जाकर अपनी समस्या को सुनाया उपायुक्त द्वारा समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया गया। उसके बावजूद वन विभाग द्वारा 17 अप्रैल को जेसीबी लगाकर जबरन घर को ध्वस्त कर दिया। जिससे पूरा परिवार बेघर हो गए। पीड़ित परिवार पूरे दिन भर एक पेड़ के नीचे एवं रात में किसी दूसरे के घर में सहारा लेकर रहने को मजबूर है। घटना की सूचना पाकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार को गणेशपुर ग्राम पहुंचे। जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने संदिप भुईयां पर किए गए अन्याय की शिकायत की।


धंसा हुआ घर।

### ऐसे लोगों को बेघर कर देना निंदनीय कार्य

पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पूरे वास्तु स्थिति को देखने के बाद कहा की इस तरह एक दलित व्यक्ति के साथ घर ध्वस्त करके बेघर करना इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रावधान है कि जो व्यक्ति कई वर्षों से अगर वन भूमि की जमीन में निवास करते आ रहे हैं और वह भूमिहीन है तो उसे वन पट्टा देकर बसाया जाता है। इस नियम के तहत कई लोगों को वन पट्टा भी निर्गत की जा चुकी है। लेकिन वन विभाग द्वारा एक दलित परिवार को बसाने की जगह उसे बेघर करना अंग्रेजी हुकूमत से ज्यादा कड़ा सजा देने के बराबर है।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही राज्यपाल से मिलेगा। वन विभाग के कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग एवं भूमि हीन हुए पीड़ित परिवार को पुनः बसाने की मांग की जायेगी। इस संबंध में एक आवेदन भी राजभवन के नाम भेजा गया है। जिसमें सुधु उरांव, राजेश्वर उरांव, रामपति सिंह, भुनेश्वर उरांव, गेंदरा भुइयां, रामअवतार प्रसाद गुप्ता ,रवि कुमार महतो, देवनंदन भुईयां ,रियासत मियां, राजेंद्र सिंह, मो मुस्तफा, मो गुलाब अंसारी, समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर मौजूद है।


मामले की जानकारी लेते पुर्व विधायक प्रकाश राम।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत समिति सदस्य को मानदेय नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति नीलम देवी महुआडांड़ प्रखंड में 2015 से निर्वाचित है। सरकार के द्वारा पंचायत समिति सदस्य को 750 का मानदेय हर महीना मिलता है जो कि 2015 में सिर्फ 1 वर्ष नीलम देवी को मिला है उसके बाद 7 वर्षों से उन्हें मानदेय नहीं मिला है। वही पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी इस बार भी निर्वाचित होकर पंचायत समिति सदस्य बनी अपनी परिवार की भरण पोषण किसी तरह करती है वह एक गरीब परिवार से बिलोम करती है। परिवार की स्थिति काफी खराब हो गई है इसको देखते हुए पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने आवेदन लिखकर अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन को सौंपा आवेदन एवं मानदेय को जल्द से जल्द दिया जाए जिसे किसी तरह की दिक्कत ना हो। वही ज्ञापन की प्रतिलिपि लातेहार उपायुक्त एवं मुख्यमंत्री झारखंड को दिया जाएगा जिसे की मानदेय मिल सके। कोई नीलम देवी ग्रामीणों की काफी सहयोग भी करती हैं जिसे आने वाले पीएम आवास से संबंधित मामला या फिर वृद्ध पेशन से संबंधित मामले पर भी ध्यान देते रहती है।

### महुआडांड़ से केदारनाथ के लिए जत्था हुआ रवाना

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत चटकपुर एवं महुआडांड़ से चार धाम यात्रा का पहला जत्था गुरुवार को ग्राम चटकपुर से हिंदू महासभा के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं सविता देवी ग्राम महुआडांड़ से वीरेंद्र प्रसाद एवं चंचला देवी भजन प्रसाद एवं सुमिता देवी एवं अन्य लोगों ने केदारनाथ, बाबा बद्री विशाल, गंगोत्री यमुनोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार के दर्शन के लिए प्रस्थान किए।

### पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने किया विद्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण करते नीलम देवी।

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को महुआडांड़ पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने दीपाटोली, महुआडांड़ रामपुर स्कूल का निरीक्षण किया। वही दीपाटोली के स्कूल में शिक्षक ने बताया कि माध्यम भोजन के लिए किचन काफी ज्यादा जर्जर हो गया है जिसे अगर बन जाता तो दिक्कत नहीं रहती कभी भी घट सकती है बड़ी घटना, इस संबंध में नीलम देवी ने बताया कि जल्द से जल्द कर दिया जाएगा। वही महुआडांड़ अनुमंडल में स्थित विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे पहला क्लास से 8 क्लास तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस संबंध में नीलम देवी ने कहा कि शिक्षा विभाग को आवेदन देकर जल्द से जल्द स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी जिसे बच्चे की भविष्य बन सके। वहीं नीलम देवी ने बच्चों से मध्यान भोजन एवं पढ़ाई के बारे में भी बातचीत की जिससे एक ही समस्या उभर कर आती है वह शिक्षक शिक्षा की कमी से आज कई विद्यालय खेल रहे हैं। शिक्षा विभाग को भी सोचना चाहिए कि बच्चे का भविष्य कहीं न कहीं खराब हो रही है।

### आग लगने से राख के ढेर में बदला आशियाना, हजारों की क्षति

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत ग्राम कोडवा मड़ई में एक गरीब वृद्ध रामकिशुन भुइयां के आशियाने में भीषण आग लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार घटना लगभग चार बजे के आसपास की बताई जा रही है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं थे। अगजनी से पीड़ित परिवार को काफी नुकसान हुआ हैं। घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रामकिशुन भुइयां (70), अपनी पत्नी के साथ जंगल की ओर गया था और उसके दो पोते भी घर से कुछ दूरी पर खेल रहे थे। आग कैसे लगी फिलहाल इसकी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई हैं। लेकिन गरीब वृद्ध के मिट्टी के खपड़ेल मकान से अभी तक आग की लपटें उठ रही हैं। लोगों ने बताया कि रामकिशुन भुइयां का छोटा बेटा बिगावन भुइयां (30) पांच साल पूर्व से लापता है। वहीं बड़ा बेटा शिवाली भुइयां (35) दूसरे राज्य में मजदूरी करता है।

### बरवाडीह: स्कूली बच्चों को खिलायी गयी एल्बेंडाजोल की गोली


बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाते शिक्षक।

➲ शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है गोली: अरविंद कुमार

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर गुरुवार को सभी स्कूलों में एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के सभी बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जहां बच्चों को जानकारी देते हुए कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने कहा कि पेट में कृमि होने के कारण बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। अल्बेंडाजोल की गोली बच्चों को कृमि से मुक्त करती है। उन्होंने बच्चों को बताया कि यह दवा बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी बच्चों को दवा का सेवन जरूर करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूर्ण करके खिलाना है। तीन वर्ष तक के बच्चों को एक गोली चूर्ण करके देना है। वहीं तीन से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली पूरी तरह से चबाकर ही खिलाना चाहिए। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद प्रसाद, विनोद कुमार, कल्याणी वर्मा, अनिल कुमार यादव, सुशीला अंतोनिया टोप्पो, ब्यूटी कुमारी, प्रवीणता टोप्पो और अजय प्रसाद उपस्थित थे।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में तीन दिवसीय ट्रैकिंग, सर्वेक्षण एवं वन भ्रमण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक तक तीन दिवसीय मध्य पर ट्रैकिंग सर्वेक्षण एवं वन भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों शिक्षक प्रशिक्षक कार्यालय कर्मी एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी ने भाग लिया। सुबह 5:30 बजे विद्यालय के ओवल मैदान से लगभग 21 किलोमीटर पठार के नीचे अवस्थित बनारी कोयल नदी के तट पर कैंप शिविर के लिए पैदल जंगल के रास्ते सभी रवाना हुए इस बीच जंगल के बीच उबर-खाबर मार्ग पर अपना रास्ता बनाते हुए प्राकृतिक के सौंदर्य को निहारते और मार्ग पर आने वाले चुनौतियों और जोखिम को पार करते हुए गंतव्य तक पहुंचे। इस दौरान दुर्गम मार्ग पर कठिनाइयों का सामना करते हुए जीवन जी रहे आदिम जनजाति की जीवन शैली को देखा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने रंगोली सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक समूह नृत्य एवं गायन आदि भी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया की 7 सालों के बाद इस तरह का कार्यक्रम विद्यालय के द्वारा किया जा रहा है ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में समायोजित समायोजन परस्पर सहयोग का गुण का विकास होता है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र श्री अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक, परिचार्य जंगल वार फेयर स्कूल नेतरहाट का भरपूर सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में छात्रों के साथ-साथ उप संरक्षक डॉ प्रसाद पासवान, पर्यवेक्षक समन्वयक अंशुमन चटर्जी, अनुशासन प्रभारी डॉ. अभिषेक मिश्र, स्वयंसेवक एवं मार्गदर्शक प्रभारी मारुति प्रसाद सिंह, भोजन प्रबंधक प्रभारी रवि प्रकाश सिंह, ग्राम भ्रमण एवं सर्वेक्षण प्रभारी उदय मरांडी, आवास व्यवस्था प्रभारी विद्युत शेखर देव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सौरभ, फोटोग्राफी प्रभारी अतुल रंजन, सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं चिकित्सा कर्मियों के दल ने सकुशल शिविर स्थल तक की यात्रा पूरी की।


कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व अन्य।

## एक नजर में

### कटईटोला में झंडाबदली कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत कटईटोला धूमकुड़िया भवन मे गुरुवार को धर्म गुरु रामदेव उरांव के नेतृत्व मे झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झंडा बदली कार्यक्रम के सम्बन्ध मे धर्म गुरु उरांव ने कहा की हम सब आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं। प्रकृतिक को स्वच्छ रखने के लिए जिस तरह पेंड़ पौधे प्रत्येक वर्ष पुराने पत्ते को छोड़कर नये पत्ते उगते हैं। उसी के तर्ज पर प्रत्येक वर्ष पुराने झंडा हटाकर नये झंडा बदली कार्यक्रम किया जाता है। डाढ़ा कटाईटोला के आदिवासी युवक-युवती महिला-पुरुष धुमकुड़िया भवन परिसर मे धूम-धाम के साथ ढोल मांदर के थाप पर प्रार्थना सभा का आयोजन करते हुए पारंपरिक गीत के साथ कार्यक्रम किया। कार्यक्रम मे सरना धर्मावलंबी ने जय धर्मेश चाला मां से सांसर के मानव जाति जीव जंतु पेंड़ पौधे, जल जंगल जमीन सहित संपूर्ण प्रकृति को सदैव सच और स्वच्छ रखने की कामना किए। मौके पर रामेश्वर उरांव, रामकिशुन उरांव, चुरामन उरांव, रामे उरांव, धाना उरांव, कोशिका उराईन, राजमनी उराईन, जीतनी उराईन, शांति उराईन एवं उपेंद्र उरांव झामो, शिला, मंत्री, सरिता, गेंदिया, माघे, यशोदा, रूनीय सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### तेज धूप और गर्मी में बिजली की कटौती ने लोगों का जीना किया मुहाल

**बरवाडीह।** भीषण गर्मी शुरू होते ही बरवाडीह प्रखंडवासियों पर बिजली कटौती की मार पड़ने लगी है। तेज धूप व बेतहासा गर्मी में बिजली की कटौती लोगों के लिए विकट समस्या बनती जा रही है। आलम यह है कि प्रखण्ड मुख्यालय में चौबीस घंटे में महज 14 से 16 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो पा रही है। सबसे ज्यादा परेशानी रोजेदारों को उठानी पड़ रही है। बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। हर साल की तरह इस साल भी उमस भरी गर्मी बढ़ने के बाद विद्युत विभाग मनमर्जी पर उतर आया है। विभाग की मनमर्जी का आलम यह है कि बरवाडीह में बिजली की कटौती के लिए कोई भी समय सीमा नहीं रह गया है। सुबह, दोपहर व रात को लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। बगैर किसी सूचना के हो रही बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहें है। इससे विद्युत उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है।

**दोपहर को सड़कें हो रहीं सूनी :** अप्रैल महीने में ही प्रचंड गर्मी शुरू हो गई है। इन दिनों दोपहर में झुलसाने वाली गर्म हवाएं चल रही हैं। तेज धूप और गर्म हवाएं प्रचंड गर्मी का एहसास करा रही हैं। लू के लहर से बचने के लिए लोग दोपहर को बाहर कम ही निकल रहे हैं। इस कारण शहर की सड़कें भी दोपहर में सूनी हो जा रही हैं। शाम 5 बजे के बाद ही बाजारों में खरीदार दिखाई दे रहें हैं।

### पुलिस ने अवैध लोहा लदा पिकअप जब्त किया


➲ वाहन मालिक और अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज



अवैध स्क्रैप लदा पिकअप।

**चंदवा/बालूमाथ।** बंद पड़े अभिजीत ग्रुप के पावर प्लांट से चोरी कर स्क्रैप ले जा रहे अज्ञात पिकअप वाहन को जब्त करने के बाद गुरुवार को चंदवा पुलिस ने कांड संख्या 93/23 के तहत अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर अनुसंधान आरंभ कर दिया है। गौरतलब हो कि बुधवार की सुबह देवनद के पास एक पिकअप वाहन जिसका एक्सल टूट गया था। उसमें लगभग तीन टन स्क्रैप लोहा लदे होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त किया था। उधर बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ-चंदवा मुख्य पथ पर रेलवे ओभरब्रिज के पास गुरुवार को बालूमाथ पुलिस ने अवैध लोहा लदा एक पिकअप को पकड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा की ओर से एक अवैध लोहा लदा पिक बालूमाथ की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर ओवर ब्रिज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जहां से एक पिकअप जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01डीए 7025 को पकड़ा गया पकड़े गये। पिकअप में करीब 1.5 टन अवैध लोहा लदा हुआ था जिसे जब्त कर बालूमाथ थानां लाया गया है तथा आगे की कार्यवाही जारी है। वही इस छापेमारी अभियान में एएसआई संजय चौधरी समेत बालूमाथ सहस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### बच्चों को खिलायी गयी एल्बेंडाजोल की गोली


एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते स्वास्थ्यकर्मी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कृमि दिवस के तहत कई बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश राम ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 264 बच्चे, बुनियादी विद्यालय में 246 बच्चे, भैसादोंन में 175 बच्चे, हेमपुर में 113 बच्चे, मुरगांव में 74 बच्चे एवं प्रखंड के सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गोली खिलाई गई। कृमि दिवस के तहत 1 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाया जाना है जो बच्चे विद्यालय में नहीं पढ़ते हैं। वैसे बच्चों को भी चिन्हित कर दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के दिन में जो भी बच्चे एल्बेंडाजोल की गोली नहीं खा पाएंगे उसे 25 अप्रैल को पुनः अभियान चलाकर खिलाया जाएगा। अभियान में जिला से आये चिकित्सक डॉ. राजेश, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश, स्वास्थ्य कर्मी मृत्युंजय कुमार ,पंकज पांडे, अनिल कुमार, गुलाम कुरेशी, अशोक कुमार, जितेंद्र सिन्हा, विमला कुमारी, रीता कुजूर, स्नेह लता कुमारी, रीना कुमारी, मालती कुमारी, जय रानी कुमारी, उषा कुमारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## राजनीतिक दलों व संगठनों का प्रतिनिधिमंडल पंहुचा हक्का गांव

### दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले की परिजनों से ली जानकारी


जानकारी देते प्रतिनिधि मंडल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राजनीतिक दलों झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बाबर खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, सीपीएम के वरिष्ठ नेता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, ललन राम, बहुजन चेतना मंच के जीतेंद्र सिंह, जेएमएम के राम भजन सिंह, मो0 आलम,भीम आर्मी के प्रदेश सचिव बीरेंद्र कुमार ने गुरुवार को हुटाप पंचायत के हाका गांव पहुंची, घटना स्थल का जायजा लिया, नाबालिग छात्रा की दुष्कर्म करने के बाद हत्या के संबंध में जानकारी ली, परिजनों ने बताया कि मेरी बच्ची गांव के स्कूल में चौथी क्लास में पढ़ती थी, शाम को गांव के दुसरे घर में सांप निकला था उसे देखने मेरी बेटी गई थी इसके बाद मेरी बेटी के साथ घटना कर दिया गया। हत्यारों ने मेरी बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी गरदन, गले की पसली तोड़ दी, सीने में पत्थर रख दिया, नांक, मुंह में खून लगा हुआ था। दुष्कर्म एवं हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने गुमराह करने हेतु शव को घर के पिछवाड़े लाकर रख दिया। मृतक बच्ची के पिता दुसरे प्रदेश में जाकर ईट भट्ठा में तथा गांव में मजदुरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। दौरे के बाद नेताओं ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि उक्त घटना अत्यंत जघन्य, लोमहर्षक, निंदनीय तथा चिंतनीय है। बच्ची के परिजनों एवं घटनास्थल का मुआयना करने के बाद यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि घटना को अंजाम देने वाले, बच्ची से जान पहचान वाले हैं। इस जघन्य एवं लोमहर्षक घटना के बाद पूरे गांव एवं चंदवा प्रखंड के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

## बिहार की तरह पूरे देश में जातीय जनगणना का काम हो : जयप्रकाश


पूर्व मंत्री व राजद के कार्यकर्ता।

➲ राजद कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का गर्मजोशी से किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत स्थित राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव के आवास पर केंद्र सरकार में मंत्री रह चुके जयप्रकाश नारायण यादव और युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव का पलामू जाने के क्रम में आगमन हुआ। राजद कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। वहीं कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लातेहार जिला में ओबीसी का आरक्षण शून्य रहना बहुत ही दुर्भाग्य की बात है राजद का मूल सिद्धांत रहा है कि सामाजिक न्याय और दबे कुचले को आरक्षण देकर समाज में उनको आगे बढ़ाना। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिहार में जातीय जनगणना की जा रही है उसी प्रकार पूरे देश में जातीय जनगणना होनी चाहिए। वहीं राजद के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा की लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र से राजद के विधायक हुआ करते थे आने वाले चुनाव में फिर से दोनों विधानसभा क्षेत्र में राजद का झंडा लहराएगा जिसकी तैयारी राजद के कार्यकताओं के द्वारा जोर शोर से की जा रही है। मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी, लातेहार विधानसभा के संभावित प्रत्याशी सुरेश राम, राजद जिला सचिव दामोदर यादव, राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रूपेश कुमार यादव, राजद नेता बली प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव, शिवानंद यादव, अरविंद यादव, लोकनाथ यादव, राजेंद्र यादव, नागेंद्र यादव, प्रदीप यादव, सचिन तिवारी, अभिषेक भारती, दिनेश सिंह, रमेश सिंह, श्याम बिहारी भुइयां, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीसीएल कोयला साइडिंग की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, सुविधा बहाल करने की मांग

## प्रदूषण की चपेट में आकर बीमार पड़ रहे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टेमराबार टोला में बालूमाथ स्टेशन अंतर्गत सीसीएल का कोयला साइडिंग से उड़ते धूल कण से परेशान टेमराबार ग्राम में 50 घर का बस्ती है। जब रेलवे साइडिंग का निर्माण हो रहा था तब रेलवे के द्वारा बहुत सारा झूठा आश्वासन दिया गया था कि आपके ग्राम को स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क का मकान पानी की सारी सुविधा प्रदान की जाएगी। लेकिन कोई भी आश्वासन नहीं मिल पाया।

ग्रामीणों के द्वारा बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार एवं बसिया मुखिया बिमला देवी, पूर्व पंचायत समिति कुलेश्वर गंझू को बुलाकर ग्राम में एक मीटिंग ग्रामीणों ने की जिसमें ग्रामीणों ने कई मांगे रखी। उड़ते धूल कण से निजात के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जाए। पूरा ग्राम गंभीर बीमारी से ग्रसित होने के कगार पर है। रेलवे सड़क के किनारे बने नाली को साफ कर उपयोग होने लायक हो जिससे सड़क पर कीचड़ न जमे। ग्राम के 32 बच्चो को रेलवे स्टेशन को पार कर स्कूल जाना पड़ता है लेकिन रेलवे स्टेशन में भारी मात्रा में कोयला रहने से एवं कोयला ट्रेन परिचालन होने से बच्चो को आने जाने में बहुत ही मुसीबत का सामना करना पड़ रहा। स्थानीय रोजगार नीति के तहत 75% रोजगार करवाने का प्रावधान है। लेकिन किसी को कोई रोजगार प्रदान नहीं की गए है।

आरकेटीसी ट्रांसपोर्ट कंपनी के पानी छिड़काव पदाधिकारी अजय सिंह से मोबाईल पर बात करने पर पानी का छिड़काव करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि हम अपना कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण अपना कार्य करें। कंपनी का 4 पानी टैंकर है जो व्यस्त हैं। खाली होने पर भेज दिया जाएगा। इतना कह कर उन्होंने फोन रख दिया और फिर फोन उठाना ही बंद कर दिया। बैठक में मुख्य रूप से रामधारी शुक्ला, धीरज शुक्ला, प्रेम शुक्ला, संजय गंझू, मोहर गंझू, गणेश गंझू, बंधन गंझू, लाधु गंझू, नीतीश प्रजापति समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


बैठक करते ग्रामीण।

स्पीड न्यूज

## सीयूइटी-पीजी परीक्षा 5 से 12 जून तक

**नयी दिल्ली।** देश भर के विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–स्नातकोत्तर (पीजी) का आयोजन 5 से 12 जून तक होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए पांच मई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि पहले 19 अप्रैल तक थी।एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–स्नातकोत्तर (पीजी) का आयोजन 5,6,7,8,9,10,11 और 12 जून को होगा। परीक्षा के बारे में ताजा जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को एनटीए की वेबसाइट नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

## चेन्नई में लगेगी वीपी सिंह की प्रतिमा : सीएम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि चेन्नई में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी। यह सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान और प्रतिबद्धता के सम्मान का प्रतीक होगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में एक बयान में कहा कि सिंह ने बीपी मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्र सरकार की नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। सामाजिक न्याय के पैरोकार वीपी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्टालिन ने कहा कि संपन्न परिवार में पैदा होने के बावजूद वीपी सिंह सामाजिक न्याय के क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर आगे बढ़े।

## तहव्वुर राणा की याचिका खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमला मामले में वांछित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की अभियोजन पक्ष के साथ बैठक संबंधी एक याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि अगले 30 दिन में उसे भारत को प्रत्यर्पित किये जाने पर फैसला आ जाने की उम्मीद है। लॉस एंजिलिस, कैलिफोर्निया के जिला न्यायालय की न्यायाधीश जैकलीन चूलजियान ने जून, 2021 में इस मुद्दे पर पिछली सुनवाई की थी और जुलाई 2021 में कागजातों का आखिरी सेट अदालत में सौंपा गया था। इस अदालत ने राणा को भारत को प्रत्यर्पित किये जाने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर फैसला अभी सुनाया नहीं है।

## पटाखों के गोदाम में आग से चार की मौत

**अरवल्ली।** गुजरात में अरवल्ली जिले के मोडासा कस्बे के पास पटाखों के एक गोदाम में बृहस्पतिवार शाम आग लगने से कम से कम चार मजदूरों की झुलसकर मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अरवल्ली के पुलिस अधीक्षक संजय खरात ने बताया कि घटनास्थल से चार मजदूरों के जले हुए शव बरामद हुए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# मानहानि मामले में राहुल गांधी की अपील खारिज

## कद के अनुसार उन्हें शब्दों के साथ अधिक सावधान रहना चाहिए था : अदालत

एजेंसी

**सूरत ।** गुजरात में सूरत की एक सत्र अदालत ने मोदी उपनाम वाले बयान को लेकर एक आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने संबंधी याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि उन्हें अपने शब्दों के साथ अधिक सावधान रहना चाहिए था क्योंकि वह तब संसद के सदस्य थे और देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के प्रमुख थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर. पी. मोगेरा ने, दोषसिद्धि के खिलाफ दायर कांग्रेस नेता की अर्जी आज खारिज कर दी। अगर 52 वर्षीय गांधी की दोषसिद्धि पर रोक संबंधी

**▸▸ भाजपा ने फैसले पर जताई खुशी, कांग्रेस ने कहा- हाईकोर्ट में करेंगे अपील**

अर्जी मंजूर हो जाती तो उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल होने का रास्ता साफ हो सकता था। भाजपा ने सूरत की अदालत के फैसले को न्यायपालिका की जीत करार देते हुए खुशी जाहिर की, लेकिन कांग्रेस ने कहा कि वह कानून के तहत उपलब्ध सभी विकल्पों का इस्तेमाल करेगी। गांधी के वकील किरीट पानवाला ने कहा कि सत्र अदालत के आदेश को गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि



सत्र अदालत ने निचली अदालत के 23 मार्च के फैसले के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख मुकर्रर की है। गांधी ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तीन अप्रैल को सत्र अदालत का रुख किया था। गांधी की अर्जी खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि उनके वकील यह प्रदर्शित करने में विफल रहे कि यदि उन्हें (गांधी को) दोषसिद्धि पर रोक न लगने के कारण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8(3) के तहत चुनाव लड़ने के अवसर से वंचित किया जाता है, तो उन्हें ऐसा नुकसान होगा जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद बने थे। गत 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने भाजपा के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था और दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी, जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दे दिया गया था।

# बुद्ध के उपदेशों में हैं वैश्विक समस्याओं के समाधान : मोदी

## वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन में पीएम बोले- दुनिया आज युद्ध और अशांति से पीड़ित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध, मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चिंताओं को इस सदी की सबसे बड़ी चुनौतियां करार देते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध के उपदेशों में इन सारी समास्याओं के समाधान हैं।

राजधानी स्थित अशोक होटल में आयोजित पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए समृद्ध देशों पर भी निशाना साधा कि दुनिया आज जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है क्योंकि पिछली शताब्दी में कुछ देशों ने दूसरों के बारे में और आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना ही बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि दशकों तक वो यही सोचते रहे कि प्रकृति से इस छेड़छाड़ का प्रभाव

**▸▸ विश्व, भगवान बुद्ध की बताये पर चला होता, तो जलवायु परिवर्तन जैसा संकट भी सामने नहीं आता**

उनके ऊपर नहीं आएगा। वो देश इसे दूसरों के ऊपर ही डालते रहे। प्रधानमंत्री ने बुद्ध के दिखाए मार्ग को भविष्य और पर्यावरण अनुकूलता का मार्ग बताया और कहा कि अगर विश्व, बुद्ध की सीखों पर चला होता, तो जलवायु परिवर्तन जैसा संकट भी सामने नहीं आता।भगवान बुद्ध की विभिन्न शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज यह समय की मांग है कि हर व्यक्ति की, हर राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के हित के साथ ही विश्व हित भी हो। उन्होंने कहा कि एक बेहतर और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए यही एक मार्ग है। उन्होंने कहा कि में विश्व को सुखी बनाना है तो हमें स्व से निकलकर संसार और



संकुचित सोच को त्यागकर समग्रता का मंत्र अपनाना होगा और यही बुद्ध का भी मंत्र है। मोदी ने कहा कि सभी को अपने आस-पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साथ ही संसाधनों के अभाव से जूझ रहे देशों के बारे में सोचना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बात सर्व स्वीकार्य है कि आज का यह समय इस सदी का सबसे चुनौतीपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर महीनों से दो देशों में युद्ध चल रहा है तो वहीं दुनिया आर्थिक अस्थिरता से भी गुजर रही है। आतंकवाद और मजहबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौती पूरी मानवता के अस्तित्व पर आफत बनकर मंडरा रही है। ग्लेशियर्स पिघल रहे हैं। पारिस्थितिकीय तंत्र नष्ट हो रहे है। प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे आप जैसे करोड़ों लोग भी हैं जिन्हें बुद्ध में आस्था है और जीव मात्र के कल्याण में विश्वास है। प्रधानमंत्री ने इस उम्मीद को इस धरती की सबसे बड़ी ताकत करार दिया और कहा कि जब यह ताकत एकजुट होगी तो बुद्ध का धम्म विश्व की धारणा बन जाएगा और बुद्ध का बोध मानवता का विश्वास बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व की ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान सैंकड़ों वर्ष पहले दिए गए बुद्ध के उपदेशों में न हो।

## कर्नाटक में मोदी कर सकते हैं 20 रैलियां

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में करीब 20 स्थानों पर चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रचार कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बोम्मई ने बताया कि प्रधानमंत्री के करीब 20 स्थानों पर चुनाव प्रचार करने की पूरी संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से अधिकतर स्थानों पर वह रैली को संबोधित करेंगे और कुछ में रोड शो होंगे।कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को मतदान होगा और नतीजे 13 मई को घोषित किए जाएंगे। मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्रियों की एक मजबूत टीम चुनाव के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है। पार्टी द्वारा जारी नेताओं की सूची के अनुसार केंद्रीय मंत्रियों में राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मंडाविया और प्रह्लाद जोशी शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ के अलावा शिवराज सिंह चौहान और हिमंत विश्व शर्मा तथा देवेंद्र फडणवीस को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।

## एसआइटी ने अतीक और अशरफ हत्याकांड का सीन रीक्रियेट किया

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या की घटना का एसआईटी, फारेंसिक टीम और न्यायिक जांच आयोग की टीम ने गुरुवार को नाट्य रूपांतरण किया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसआईटी और अन्य टीमें दोपहर करीब डेढ़ बजे घटनास्थल काल्विन हास्पिटल पहुंची जहां पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान, एडीजी भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा और संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि घटना के नाट्य रूपांतरण के दौरान अतीक और अशरफ के जीप से उतरने से लेकर अस्पताल के भीतर दाखिल होने और मीडियाकर्मियों द्वारा बाइट लेने के दौरान तीन युवकों द्वारा फायरिंग करने का दृश्य दोहराया गया। सूत्रों ने बताया कि इस नाट्य रूपांतरण के दौरान उन सभी पुलिसकर्मियों को घटनास्थल पर रखा गया जो अतीक और



अशरफ की हत्या के समय मौजूद थे। इस नाट्य रूपांतरण से इस घटना की जांच में कई सुराग मिलने की संभावना है और उनके आधार पर आरोपियों से पूछताछ की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि गत 15 अप्रैल को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब पुलिस उन्हें चिकित्सा परीक्षण के लिए काल्विन अस्पताल में लेकर दाखिल हुई। हमलावरों को उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया था। बुधवार को सीजेएम डीके गौतम की अदालत ने इन आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड में सौंप दिया ।

## शर्मनाक : कालाहांडी में दो नाबालिग आदिवासी बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**भवानीपाटणा।** ओडिशा के कालाहांडी जिले में जात्रा देखकर लौट रहीं दो आदिवासी नाबालिग लड़कियों के साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि घटना 16 अप्रैल की रात की है लेकिन इसकी शिकायत बुधवार शाम को बिजेपुर थाने में दर्ज की गई। आरोपियों के दूसरे समुदाय से होने के कारण आदिवासी समुदाय के नेताओं ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने का फैसला लिया। पुलिस ने बताया कि शुरूआत में आरोप था कि 14 से 17 साल की तीन लड़कियां जात्रा देखकर घर लौट रही थीं, उसी दौरान पांच पुरुषों ने उनका रास्ता रोका और उनके साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। तीन में से एक लड़की ने बताया कि वह भागकर झाड़ियों के पीछे छुपने में कामयाब रही और देखा कि कैसे आरोपियों ने बारी-बारी से दोनों लड़कियों के साथ दुष्कर्म किया।

# नरोदा गाम दंगा मामले में सभी 67 आरोपी बरी

**▸▸ 2002 के दंगों में 11 लोगों की हुई थी मौत**

**▸▸ पूर्व मंत्री कोडवाणी, विहिप नेता जयदीप पटेल और बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी भी बरी**

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को 2002 के नरोदा गाम दंगों के मामले में भाजपा की पूर्व मंत्री माया कोडनानी, विहिप नेता जयदीप पटेल और बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी सहित सभी 67 आरोपियों को बरी कर दिया। इस दंगे में 11 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद स्थित एसआईटी मामलों के विशेष न्यायाधीश एस के बक्शी की अदालत ने गोधरा मामले के बाद भड़के भीषण दंगों में से एक नरोदा गाम दंगों से जुड़े इस बड़े मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

इस मामले की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल ने की थी। जिन आरोपियों को बरी किया गया उनमें कोडनानी, विहिप नेता जयदीप पटेल और बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी शामिल हैं। इस मामले में



कुल 86 आरोपी थे, जिनमें से 18 की सुनवाई के दौरान मौत हो गई, जबकि एक को अदालत ने पहले आरोपमुक्त कर दिया था।

# 12 मई को रिलीज होगी सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ 12 मई को रिलीज होगी। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज दहाड़ 12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज दहाड़ में पुलिस अफसर के रोल में नजर आयेंगी।अमेजॉन प्राइम और सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेब सीरीज की पहली झलक शेयर की है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा एक सख्त पुलिस अफसर के अंदाज में दिखाई दे रही है। इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, सोनाक्षी सिन्हा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गयी यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म



फेस्टिवल में रिलीज की गई। फरवरी में इसका प्रीमियर होने के बाद अब यह अमेजॉन पर 12 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## सलमान खान को लेकर फिल्म बनायेंगे करण जौहर

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। करण जौहर ने सलमान खान को लेकर वर्ष 1998 में कुछ कुछ होता है बनायी थी। चर्चा है कि सलमान खान, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ एक फिल्म करने की प्लानिंग कर रहे हैं। दोनों एक बिग बजट फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, जिसे 2024 की ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो दोनों करीब 25 साल बाद साथ काम करेंगे। सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन में बिजी है। इसके बाद नवंबर में उनकी फिल्म टाइगर 3 रिलीज हो रही है। टाइगर 3 की रिलीज के बाद सलमान, शाहरुख खान का साथ टाइगर वर्सेस पठान पर काम करना शुरू करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग जनवरी 2024 में शुरू हो सकती है।



## वाणिज्य की खबरें

## मुंबई में शरद पवार से मिले गौतम अडाणी



**मुंबई।** अडाणी–हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्षी दलों की मांग के बीच गुरुवार को उद्योगपति गौतम अडाणी ने मुंबई में राकांपा के प्रमुख शरद पवार के आवास पर उनसे मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मुलाकात आज सुबह दक्षिण मुंबई में स्थित पवार के आवास सिल्वर ओक में हुई, जो लगभग दो घंटे तक चली। पवार ने इस महीने की शुरूआत में अडाणी समूह का बचाव किया था और उसके बारे में हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की आलोचना की थी। पवार ने राकांपा के सहयोगी दल कांग्रेस से अलग रुख अपनाते हुए कहा था कि वह अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की तरफ से समिति गठित किए जाने का समर्थन करते हैं क्योंकि संयुक्त संसदीय समिति में संख्याबल के हिसाब से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दबदबा होगा, जिसके चलते जांच को लेकर संदेह पैदा होगा।

## बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 65 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स लगभग 65 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार समाप्त होने से पहले ऊर्जा और दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच निवेशकों की चिंता तथा जोखिम से बचने की धारणा का बाजार पर असर है। उतार–चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 64 .55 अंक यानी 0 .11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,632 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 59,836 .79 अंक तक गया और नीचे में 59,489 .98 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 5 .70 अंक यानी 0 .03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,624 .45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे। एचडीएफसी बैंक ने कैजाद भरूचा को उप–प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

## एचडीएफसी के उप-प्रबंध निदेशक बने भरूचा

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को कहा कि रिजर्व बैंक ने तीन साल के लिए कैजाद भरूचा को बैंक का उप–प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि बैंक ने भावेश झावेरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। आरबीआई ने 19 अप्रैल को कैजाद भरूचा को 19 अप्रैल से तीन साल के लिए बैंक के उप–प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी।

## अमेरिका में बेरोजगारी दावों की संख्या ढाई लाख

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बेरोजगारी लाभ के लिए आवेदन करने वाले लोगों की संख्या पिछले सप्ताह बढ़ी है। हालांकि, यह अब भी निचले स्तर पर ही है। श्रम विभाग की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले सप्ताह बेरोजगारी दावा करने वालों की संख्या 5,000 बढ़कर 2,45,000 पर पहुंच गई। वर्ष की शुरूआत में साप्ताहिक दावे लगभग 200,000 थे और वे धीरे–धीरे बढ़ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, बढ़ती ब्याज दरों, अस्थिर अर्थव्यवस्था और मंदी की चिंता के बावजूद अमेरिकी श्रमिकों के पास अब भी असामान्य रूप से सुरक्षित नौकरियां हैं। अमेरिकी नौकरी बाजार समग्र रूप से स्वस्थ है।







